© हिन्द पॉकेट बुक्स प्राइवेट लिमिटेड, १९६७

मूल्य : दो रुपये

पहला भाग

सामान भी तो नाम-मात्र को ही था उसके पास। 'बीबी के दो चीथड़े, टूटा कम्पस हाथ' वाला हाल। नीचे बिछाने को एक पुरानी-सी चटाई, ऊपर ओढ़ने के लिए फटा-पुराना एक कम्बल और खादी की एक चादर। नाम-मात्र को एक रजाई भी थी उसके पास, परन्तु बिल्कुल गठरी-सी। सीवनें टूटी होने के कारण अन्दर की रुई इधर-उधर इकट्ठी हो गई थी।

बर्तन-भांडे के तौर पर उसके पास यदि कुछ था तो मुड़े हुए किनारों वाला एक पतीला, टेढ़ी-सी थाली, दरारें पड़ा हुआ फूल का कटोरा और बहुत अच्छी हालत में लोटा।

इसके अतिरिक्त दयाले के पास न जाने कब का संजोया हुआ थोड़ा-सा पैसा-धेला भी था, जो सब मिलाकर होगा कोई सात-आठ रुपये।

यह सब अटरम-पटरम उसने चटाई में समेटा, मूंज की रस्सी के दो-चार लपेट देकर बांधा और इसे कंधों पर रखकर भोर होते ही ठाकुरद्वारे की चार-दीवारी से निकल खड़ा हुआ।

किसीका क्या रखा जाता था उसके बिना जो उसे जाने से मना करता। अलबत्ता उसके दो-चार ठेलुए थे गांव में, उनमें से यदि किसीको पता लग जाता तो चाहे उसे रोकने की कोशिश की जाती। सम्भव है इसी डर के कारण दयाले ने सुबह-सुबह ही गांव से निकलने का फैसला किया हो।

बचपन में ही दयाला अनाथ हो गया था। गांव में एक बार प्लेग

दयाले ने संभाल रखी थी। नाथ के जिम्मे कोई काम था तो गांव में जाकर भिक्षा मांग लाना और झगड़े का अधिकतर कारण भी यही भिक्षा थी। जब कभी बीमारी की वजह से नाथ गांव जाने में असमर्थ होता तो वह दयाले को यह काम सौंप देता, परन्तु दयाले की तो वह बात थी कि 'रस्सी जल गई पर बल न गया।' साधु होकर वह भिक्षा मांगने जाए, और उन लोगों के पास जो उसके परिवार में से थे!

दूसरी अनबन जो इन दोनों में कभी-कभी हो जाती थी, वह था 'चिलम' का बखेड़ा। नाथ को शिकायत थी कि वह पेटू किस मर्ज की दवा है, यदि चिलम भरकर नहीं दे सकता। पर दयाला मजबूर था। वह तो 'गुरु का सिक्ख' था। चिलम को कैसे छूता। उसके मन में ज्यादा आग तब लगती जब खीझा हुआ नाथ उसे गाली देता ही अलग, उसके गुरु की शान में भी कड़वी-कसैली बातें मुंह से निकालता। और उत्तर में जब दयाला अपने गुरु की करामातें गिन-गिनकर सुनाना प्रारम्भ करता तो नाथ का पारा और भी चढ़ जाता। वह यहां तक कह उठता—"अरे बड़े देखे हैं ऐसे पाखंडी। यदि इतना करामाती है तेरा गुरु तो तुझे ही राजा-नवाब क्यों नहीं बना देता, जो कुत्ते की तरह यहां पड़ा है?"

नाथ की इस तरह की जली-कटी बातें सुनकर कई बार दयाले का मन इतना दुखी हो जाता कि वह उसी क्षण वहां से चल देने के लिए तैयार हो उठता, पर नाथ भी तो इस बात से अनजान न था कि ऐसा सस्ता और परिश्रमी सेवक मिलना कठिन है। अतः वह प्यार-पुचकार से दयाले का गुस्सा ठंडा कर देता।

प्रतिदिन इस तरह के गाली-गलौज सहते हुए जब कभी दयाले का धीरज बेकाबू हो उठता तो उसे अपने पर दया भी आती, गुस्सा भी। धनियों की संतान होकर वह कितना गिर गया है कि रूखी-सूखी रोटी के बदले में उसके साथ यह दुर्व्यवहार होता है। इससे तो अच्छा है कि डूब मरे। तब मन से वह सोच विचार के घोड़े दौड़ाने आरम्भ कर देता—किसी जगह यदि उसके सींग समा सकते! परन्तु कहीं भी उसे कोई आश्रय दिखाई नहीं देता था। कई बार उसने चले जाने का विचार किया परन्तु कभी भी उसका मन्सूबा पूरा न हो सका—आदर गुणों की कद्र होती है, हाड़-मांस की नहीं।

शायद इस प्रकार की भावनाओं ने ही उसके स्वभाव में कुछ स्वाभिमान पैदा कर दिया था। अब नाथ की गालियां खारे पानी के स्थान पर उसे पेशाब जैसी महसूस होतीं। जिसका परिणाम यह हुआ कि नाथ के साथ उसकी कहासुनी और कटने की अवधि लम्बी होती गई। जो बढ़ते-बढ़ते अन्त में उस सीमा तक पहुंची जिसके सामने केवल टूटना ही बाकी रह जाता है। और वह भी एक दिन होकर रहा।

बात कोई नई या अनोखी नहीं थी, वही पुराना रोना-धोना, पर उस दिन गुरु-शिष्य के बीच मामला कुछ ज्यादा ही बिगड़ गया। बाद में दयाले ने यह अनुभव भी किया कि गलती उसीकी थी। पर मामला जो एक बार बिगड़ा तो बिगड़ता ही चला गया।

वैसाख बीतकर जेठ चढ़ चुका था, पर दयाले को इस बार 'पीलू' खाने का मौका ही नहीं मिला। कटाई का समय होने के कारण उसके साथी अपने कामों में व्यस्त थे, और अकेले खाने की इच्छा नहीं होती थी। उस दिन जैसे-तैसे उसके साथियों ने समय निकाल ही लिया और सुबह-सुबह ही उन्होंने दयाले को जा जगाया। और फिर वह मंडली जंगल की सैर को निकल पड़ी।

दयाले को यह अच्छी तरह पता था कि कई दिनों से नाथ की तबीयत ठीक नहीं। पर जंगल की सैर और पीलू का मजा रोज-रोज तो नहीं मिलता था। छुटपन की बात कुछ और थी, पर अब तो उसके साथी पहले की तरह बेकार नहीं थे। संयोग से जो अवसर मिल गया तो किस प्रकार यह मंडली वापस आ जाती। सैर का यह मौका चूंकि बड़ी चाहत के बाद मिला था, और उस पर पीलू का आकर्षण। पता नहीं यह अवसर फिर कभी हाथ आए या न आए। सो उन्होंने जी भरकर पीलू खाए और गीतों का जश्न मनाया। रात भी चांदनी थी। किसे याद रहती वापस आने की। दयाले के दूसरे साथियों को भी घर आने पर डांट-फटकार पड़ी होगी, पर वह सोच रहा था यह नाथ मेरा क्या लगता है, जिसने आते ही चिमटे से मेरी पिटाई कर दी?

नाथ को दयाले पर पहले इतना गुस्सा शायद ही कभी आया हो, पर गुस्से का कारण भी तो था क्योंकि सारा दिन बीमारी की हालत में उसे किसी ने पानी का घूंट भी नहीं पिलाया था और ठाकुरद्वारा

सिख गुरुओं ने एक ओर तो पंजाब के कोने-कोने में परमार्थ का मार्ग प्रदर्शित किया था दूसरा ओर उन्होंने सामान्य जनता को अज्ञान और आडम्बर की दलदल से निकालकर सहज-मध्य मार्ग पर चलाने का प्रयास भी किया। परन्तु परम्परा से ही गुलाब के साथ काटे और गाय के स्तनों के साथ कीड़े चिपके रहते हैं। कुछ समय बाद गुरु-परिवारों में ऐसे लोग भी पैदा हो गए जिनकी दृष्टि स्वार्थ, ईर्ष्या या लोभ से ऊंची न उठ सकी। जिन्होंने कभी भी अपना द्वेषी स्वभाव न छोड़ा और न ही कभी अपने महापुरुषों के पदचिह्नों पर चलने का प्रयास किया।

सिख-इतिहास में ऐसे अनेक लोगों का उल्लेख मिलता है जिन्होंने गुरुओं के जीवन-काल में भी तथा उनके पश्चात् भी उनकी महानता का अनुचित लाभ उठाने का प्रयास किया। 'मोहरी मोहन' भाइयों से लेकर 'धीरमल और रामराय' तक अनेक व्यक्ति इस प्रकार के आचरण के प्रमाण हैं।

सिख गुरुओं के समय में तो 'गुरडम' की प्रथा सीमित ही रही थी पर उनके पश्चात् का इतिहास बताता है कि इस प्रकार के गुरुपने ने इतनी धांधली मचा दी थी कि सर्वसाधारण के लिए असली और नकली का अंतर करना कठिन हो गया। किसीने 'बेदी', किसी ने 'सोढी' और किसीने 'भल्ला' या 'त्रेहण'[१] का लेबुल मस्तक पर लगाकर भोली-भाली सिख-जनता को दोनों हाथों लूटना शुरू कर दिया। क्या पंजाब में और क्या पंजाब के बाहर, स्थान-स्थान पर इस प्रकार की गुरडम की दुकानें खुल गईं, जिनके वैभव को देखकर भक्तों की आंखें चौंधिया जातीं।

इसमें कोई संदेह नहीं कि कुछ एक गुरवंशधारियों ने यथार्थ रूप से अपने पूर्वजों के उपदेशों पर चलते हुए धर्म का प्रचार किया, पर इनकी तुलना में अधिक संख्या उन लोगों की थी जो गुरुपन के नाम पर धन-दौलत और प्रतिष्ठा एकत्र करने में लगे रहते थे।

आज के लगभग पौनी शताब्दी पूर्व पंजाब में गुरडम की यह

१ सिख-गुरु इन्हीं चार वंशों में उत्पन्न हुए थे।

बीमारी इतनी बढ़ गई थी कि इसका प्रभाव काबुल, कंधार और गजनी के सिखों तक जा पहुंचा। विशेष रूप से गुरुवंश के वे लोग, जो शिक्षित और चतुर थे, अंग्रेजी सरकार की दृष्टि में अपना प्रभाव जमाने में भी सफल हो गए। अंग्रेजी सरकार को ऐसे देशी सहायकों की हमेशा जरूरत रहती थी जिनके पीछे अन्धविश्वासी लोगों का समूह हो। ऐसे लोगों पर उनकी विशेष कृपा होती थी। बड़े-बड़े सम्प्रदायों के मुखिया अपनी इसी महानता के कारण सरकार की ओर से सम्मानित होते थे। इस प्रकार समय पाकर गुरुवंशधारियों के लिए गुरुडम की यह प्रथा सोने के अंडे देने वाली मुर्गी बन गई, जिसे संभाले रखने के लिए वे लोग अपने दायरे को बढ़ाने में दिन-रात जुटे रहते। फलतः पंजाब की सिख-जनता उस जमाने में काफी हद तक सिख-जीवन से टूटकर गुरुडम का शिकार बन गई। विशेष रूप से पश्चिमी पंजाब के सिखों पर 'सोढी साहबजादों' का प्रभाव बहुत अधिक था। इनमें से कुछ सोढी तो इतने धनवान हो गए थे कि उनका वैभव राजाओं के वैभव की स्पर्धा करता था। महलों जैसे इनके मकान, हजारों बीघे जमीन, यहां तक कि एक-दो के दरवाजों पर हाथी तक बंधे दिखाई देते। ये लोग राजाओं-नवाबों की तरह बड़े-बड़े शिकारी दल लेकर शिकार खेलने निकलते थे।

जब भी यह समाचार मिलता कि अमुक 'महाराज' की सवारी आ रही है, श्रद्धालु व्यक्ति चार-चार, पांच-पांच कोस आगे आकर उनका स्वागत करते। और उन्हें बड़ी धूमधाम से लाया जाता। शहनाई और शब्द-कीर्तन की गूंज तथा आतिशबाजी की चकाचौंध में महाराज की सवारी चलती। पालकी पर फूलों, बताशों और पैसों की वर्षा की जाती, चंवर-छत्र झुलाए जाते और शतरंज घोड़ियां पालकी के आगे-आगे करतब दिखाती चलतीं।

जिन गांवों के पास से सवारी निकलती वहां श्रद्धालु बड़े उत्साह से दर्शन के लिए आते, जिनकी भेंटों से महाराज की पालकी भर जाती। अंततः इसी धूमधाम में जुलूस अपने ठिकाने पर पहुंचता।

दिन का समय महाराज अपने दल-सहित शिकार में गुजारते और शाम को अपने निवास-स्थान पर लौट आते, जहां हजारों की गिनती में लोग प्रतीक्षा में विह्वल दिखाई देते, जिन्हें वे अपने उपदेशों और

बरदानी द्वारा इस्तेमाल करते। थोड़ी बड़ी कानी अथवा जिला-जैलदारों की मर्जी के अनुसार कहीं एक दिन, कहीं दो दिन और कहीं आठ-आठ दिन तक रहने का कार्यक्रम होता, जो भी नगर की अनेक आवश्यकताओं से, यहीं तो 'मजदूर' के पास समय का अभाव रहता था, क्योंकि उन्हें और भी तो अनगिनत सभी का उद्धार करना होता था। प्रस्थान करने से पहले 'कार-भेंट' का समारोह बड़ी धूम से मनाया जाता। 'कार-भेंट' का अर्थ है अपनी कमाई का दसवां हिस्सा गुरु को भेंट करना। यह शब्द जितना छोटा है, इसका फैलाव उतना ही बड़ा है। इसकी प्रथा कब से चली, कैसे चली? इस विषय में अनेक मत हैं। वस्तुतः 'कार-भेंट' इनकमटैक्स का ही दूसरा नाम था। पर सरकारी टैक्सों जैसी कोई रियायत इसमें नहीं थी। इसकी अदायगी न तो स्थगित की जा सकती थी न ही किश्तों द्वारा हो सकती थी। एकमुश्त और निश्चित समय पर भुगतान किया जाना अनिवार्य था।

'कार-भेंट' की सीमा केवल दसमांश पर ही समाप्त नहीं हो जाती थी, इसकी और भी अनेक शाखाएं थीं, विशेष रूप से 'गोलक' प्रथा। हर एक श्रद्धालु इस कार्य के लिए अपने पास एक गोलक (सन्दूकची) रखता था, जिसमें हर छमाही, समावर्तन पर या अन्य किसी भी दुख-सुख के अवसर पर इस गोलक में कुछ न कुछ डालना आवश्यक था। जब भी कार-भेंट का समारोह आरम्भ होता, अगणित गोलकें महाराज के सम्मुख खोल दी जातीं। जितनी अधिक कार-भेंट, उतनी ही अधिक कृपा-दृष्टि। जितनी भारी गोलक, उतने ही अधिक वरदान।

'कार-भेंट' का जब समारोह समाप्त होता तो महाराज के अनेक घोड़े और खच्चरें नकदी और अन्य पदार्थों से लद जातीं।

जेहलम जिला की
और पिंड दादनखान। [illegible]
किनारे पर बसी हुई [illegible]
महत्त्वपूर्ण कस्बा है, [illegible]
मुकाबला करती है।

[illegible] ह—जेहलम, चकवाल,
अधिक आबादी नदी के
[illegible] सोडियां' नामक
एक अच्छे शहर का

सरकारी कागजों और जनश्रुत के अनुसार आज से दो-तीन शताब्दियों पूर्व यहां कोई आबादी नहीं थी। नदी के किनारे से लेकर—जो यहां से लगभग तीन मील की दूरी पर है, यह सारा कस्बा दूर तक घने जंगल के रूप में था, और इस विषय में बहुत-से प्रमाण मिलते हैं कि इस जंगल में उन दिनों हिरण बहुतायत से पाए जाते थे इसलिए इसे 'हिरण जंगल' नाम से पुकारा जाता था, जो पीछे 'हिरणपुर' प्रसिद्ध हुआ।

उस जमाने में दूर-दूर से हिरणों के शिकारी यहां आया करते थे। यह बात भी सुनी जाती है कि उन दिनों आसपास कोई बस्ती न होने के कारण शिकारी दलों को बड़ी असुविधा होती थी। और इस असुविधा को दूर करने के विचार से किसी धनिक 'सोढी' ने एक ऊंचे स्थान पर जो कभी बस्ती की शक्ल में रह चुका था और बाद में बाढ़ से नष्ट हो चुका था—एक सराय बनवा दी, जो 'सोढियों की सराय' के नाम से प्रसिद्ध थी और जिसकी टूटी-फूटी चारदीवारी आज भी कस्बे के पश्चिम की सीमा पर मौजूद है। किस सोढी ने यह सराय कब बनवाई, इतिहास इस विषय में चुप है।

समय बीतता गया, नदी किनारे बसे हुए लोग जैसे-जैसे बाढ़ों की मार खा-खाकर उजड़ते गए, वैसे-वैसे वे दूर जाकर बसने लगे। उन्हीं उजड़े हुए लोगों में से कुछ ने अपने निवास के लिए सोढियों की सराय का आश्रय लिया। शायद इसलिए कि यह सराय एक ऊंचे ठिकाने का क्षेत्रफल काफी चौड़ा और निरापद था। इस कारण यहां की आबादी जल्दी ही बढ़ गई, और यह कस्बा 'हिरण जंगल' के कारण 'हिरणपुर' नाम से प्रसिद्ध हुआ। आबादी की नींव किसी सोढी ने डाली थी, इसलिए 'सोढियां' विशेषण इसके साथ जुड़ा चला आ रहा है।

केवल सोढियों की सराय के कारण 'सोढियां' विशेषण जुड़ गया हो इतना ही पर्याप्त नहीं लगता। यह भी संभव है कि उस सराय की तरह आबादी की नींव भी किसी सोढी ने ही डाली हो। इस विषय में कुछ प्रमाण मिलते हैं। पहला यह कि 'सोढियों' की गली कस्बे के ठीक बीच में है। दूसरा यह कि इस गली के बहुत-से घर—जिनमें से कुछ गिर गए हैं—पुरानी कला के और नानकशाही ईंटों के बने हुए हैं।

तीरता, इनके कुछ भवनों की बनावट बहुत ही विशाल और सुन्दर किया की है, जो इस कथन को प्रमाणित करती है कि यहाँ के कोठी किसी समय में ऐश्वर्य के शिखर पर पहुँचे हुए थे।

आज हरिपुर में कोठियों के खंडहर ही नज़र दिखाई देते हैं। जिसकी जीविका चलते-फिरते 'गुरुदम' के कारण चल रही है, जिसे 'सिंह-सभा' आन्दोलन ने लगभग समाप्त ही कर दिया है। कारण में कोई दो का यह यहाँ कोई महत्त्व नहीं है, न ही उसमें कोई ऐश्वर्य का कोई विशेष चिह्न ही है। हरिपुर से जिस तरह हिरणों का नाता टूट चुका है उसी तरह कोठियों का भी।

"समय आन्दोलनों को जन्म देता है और आन्दोलन वर्तमान को।" मौलाना मुहम्मद ... ने यह बड़े मार्के की बात कही है। अगर यदि 'सिंह-सभा' आन्दोलन को जन्म न देता तो गुरुदम-परिवार पर यह बुरे दिन कभी न आते। जैसे-जैसे सिंह-सभा का आन्दोलन जोर पकड़ता गया, लोगों की आँखें खुलती गईं। एक बार आँखें खुलने की देर थी, कि हर किसीको यथार्थ की समझ आने लगी। एक जमाना था कि गुरुवंश परिवार के लोगों के विरुद्ध कोई जबान तक नहीं हिला सकता था, पर सिंह-सभाइयों के धारावाहिक प्रचार ने लोगों को इतना निडर बना दिया कि कल तक जो लोग कार-भेंट या कमिया भेंट करने के साथ मंच पर खड़े होकर बाँहें उठाकर, गले फाड़-फाड़कर, गुरुदम-के विरुद्ध अपनी आवाज बुलन्द करने लगे। परिणाम यह हुआ कि कुछ ही वर्षों में भारी उथल-पुथल मच गई, गुरुदम की दुकानें उठ गईं, गुरुवंश के नामधारी गुरुओं के दौरे घटते-घटते समाप्ति के निकट पहुँच गए, और उनके ठाट-बाट की जगमगाहट घटती-घटती ठंडी राख बनकर रह गई। कार-भेंट की प्रथा या तो समाप्त हो गई या काबुल-कंधार आदि नगरों में अथवा उन थोड़े से गाँवों में शेष रह गई जो शहरी प्रभाव से दूर थे।

किसे आशा थी कि गुरुओं की सन्तान इस प्रकार समय के चक्कर में आ पड़ेगी। फलतः परिस्थितियों से बाध्य होकर गुरुवंशियों ने जीविका के प्रश्न को अन्य उपायों से सुलझाना आरम्भ किया। घर की जमा-पूंजी जैसे-जैसे कम होती गई वैसे-वैसे नई पीढ़ी में से किसीने दुकान खोल ली तो किसीने सरकारी नौकरी में पनाह ली।

आन्दोलन के उस बवंडर से हिरणपुर भी सुरक्षित न रहा। जिन ड्रियों को उस बस्ती का स्थापक होने का गर्व था, उनका आसन भी डोलने लगा तो किस प्रकार वे वहां टिक पाते? धीरे-धीरे हिरण- की बस्ती अपने संस्थापकों से लगभग खाली हो गई। जो बचे-खुचे गए वे अपने गुरुद्वारे के भरोसे या जमीन-जायदाद के सहारे दिन टने लगे।

'बाबा सुखदेवसिंह' के माता-पिता भी उन बचे-खुचे लोगों में से जिन्होंने कभी अच्छे दिन देखे थे। दूर-दूर तक जिनके श्रद्धालु फैले र थे और घर बैठे ही जिन्हें नौ निधियां, अठारह सिद्धियां प्राप्त थीं।

बाबा सुखदेवसिंह का बचपन तो आनन्द से बीत गया परन्तु युवा- स्था आने पर जब मां-बाप का साया सिर पर न रहा तो उनकी अमा- जी को हवा लगने लगी। एक तो जवानी का रंग, दूसरा हाथ रोकने ला कोई नहीं, और तीसरा इकलौते बेटे के हाथ में मां-बाप की रासत आ गई। अनकमाई दौलत को फूंकते किसे दर्द होता है? बाबाजी के दिन और रातें रंगीन स्वप्नों की तरह बीतने लगे। एक ओर आमदनी के दरवाजे बंद होते गए, दूसरी ओर खर्च के किवाड़ खुलते गए। आखिर कितने दिन यह खेल चलता? बालों की कालिमा में जब सफेदी की चमक मानो शुरू हुई तो उस समय तक सोने-चांदी की चमक समाप्त हो चुकी थी। सोच-समझकर चलते तो शायद बुरे दिन न देखने पड़ते। अपनी जमा-पूंजी को सावधानी से खाते तो जीवन आराम से कट जाता। परिवार भी तो कोई बहुत बड़ा नहीं था। तीन प्राणी थे, एक स्वयं, एक लड़का और एक लड़की, बस। पर जहां 'माले मुफ्त, दिले बेरहम' वाली बात हो जाए वहां क्या हो सकता है? बड़े घरों की जूठन भी क्या कम होती है? माना कि जवानी के नशे में बाबाजी ने दौलत को अपने हाथों लुटाया था, पर इतने पर भी थोड़ी-पूंजी और घर का मकान बचा रह गया—यही 'सोढ़ियों की हवेली' बाबा सुखदेवसिंह के पूर्वजों की निशानी थी।

४

हिरणपुर और मलिकवाल, इन दो कस्बों को नदी की धारा ने

पृथक् किया हुआ है। उत्तर वाले किनारे से पुल एक मील की दूरी
मलिकवाल है और पश्चिम के किनारे से कुछ दूर हटकर हिरणपु
उस पार का कस्बा गुजरात जिले में है और इस पार का जेहल
जिले में।

हिरणपुर को जिस तरह सोढियों ने बसाया था, लगभग उ
तरह मलिकवाल को 'टिवाणे मलिकों' ने। इसी कारण इस बस्ती
नाम 'मलिकवाल' पड़ा। हिरणपुर की तरह मलिकवाल भी नदी
थपेड़ों से अनेक बार उजड़ा है और फिर से बसा।

'टिवाणा' खानदान के जिस पूर्वज ने मलिकवाल की नींव रख
थी, उसके पश्चात् की पीढ़ियां बहुत सम्पन्न थीं। विशेष रूप
वर्तमान पीढ़ी तो ऐश्वर्य के शिखर पर पहुंच चुकी है। किम्वदन्तिय
के आधार पर टिवाणे पूर्वकाल में किसी हिन्दू राजपूत वंश से सम्बन्धि
थे। जो, कहा जाता है कि मुगल राज्य के समय मुसलमान हो गए
और इस कारण उन्हें अच्छे सरकारी पद प्राप्त हुए थे। जिला गुजरात
का यह क्षेत्र, जहां मलिकवाल बसाया गया, उन्हें सरकारी सेवाओं
बदले जागीर के रूप में प्राप्त हुआ। टिवाणों अर्थात् मलिकों को प्राप्त
यह वंश-परम्परागत सम्मान अंग्रेजी राज्य में अधिक लाभप्रद सिद्ध
हुआ। कहा जाता है कि सन् ५७ के गदर के समय टिवाणों ने अंग्रेजों
की बहुत सहायता की थी, जिसके बदले में अंग्रेजी सरकार ने न केवल
उन्हें जागीरें दीं, बल्कि बड़े-बड़े सरकारी पद भी।

५७ के विप्लव से ५७ वर्ष बाद, अर्थात् सन् १६१४ में जब
महायुद्ध के समय टिवाणों के भाग्य का सितारा और भी चमका,
अंग्रेजों को पंजाब से रंगरूट भरती करने की आवश्यकता पड़ी
युग 'मलिक उमरहयात' की पीढ़ी का था, जो बहुत
के कारण न केवल समूचे गुजरात जिले में ही सम्मानित
जेहलम से लेकर रावलपिंडी तक उसकी तूती बोलती थी।
पुत्र और भतीजे सरकारी पदों को सम्भाले बैठे थे। कहना
फौजी कर्नों के मामले में 'उमरहयात टिवाणा' का
सर्वप्रथम था।

जब तक युद्ध चलता रहा, लगभग उतने
का दौरदौरा रहा। बड़े-बड़े राजभवनों में होड़-सी

बढ़कर रंगरूट भर्ती कराता है। यही होड़ पंजाब के इन दोनों जिलों—जेहलम और गुजरात में चल रही थी। जेहलम का जिला यद्यपि छोटा है पर इस जिले की स्वास्थ्यप्रद जलवायु के कारण यहां के निवासी बड़े स्वस्थ और कद्दावर होते हैं। विशेष रूप से मुसलमान वर्ग के लोग। इस कारण भर्ती का बहुत-सा दारोमदार इसी जिले पर समझा जाता था। यही कारण था कि एक ओर सोढ़ी साहबजादे, दूसरी ओर गुजरात जिले के टिवाणे भी इस जिले पर अपने अमल करते रहते थे। यह क्षेत्र चाहे उनका नहीं था, पर भर्ती होने वाले क्योंकि मुसलमान अधिक थे, इसलिए टिवाणों को यहां सफलता अधिक मिलती थी। सोढ़ियों को जो थोड़ी-बहुत भर्ती मिलती वह केवल हिन्दू-सिख जनता में से ही। पर मुसलमानों की तुलना में इनकी जन-संख्या आटे में नमक के बराबर थी।

हिरणपुर, जो कभी सोढ़ियों का गढ़ समझा जाता था, आज चाहे उस स्थिति में नहीं था फिर भी आसपास के इलाके में उनका प्रभाव शेष था। रंगरूट भर्ती कराने में अपने प्रभाव का वे भी प्रयोग कर रहे थे।

हिरणपुर के बाबा सुखदेवसिंह भी उन दिनों भर्ती के आन्दोलन में सक्रिय थे। इसमें कोई सन्देह नहीं कि आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण उन्हें मनचाहे रंगरूट न मिल सके, फिर भी जहां तक अपना घोड़ा दौड़ा सके, दौड़ाने में उन्होंने शिथिलता नहीं की। प्रारम्भ से ही स्वाभिमानी और हठ के पक्के थे, जिस काम में एक बार लग जाते, पीछे हटना नहीं जानते थे। मलिकवाल के टिवाणों से, बाप-दादे के जमाने से उनकी प्रतिस्पर्धा चली आ रही थी। जब कभी भी वे अपना दरबारी चोगा पहनकर किसी अफसर से मिलने जाते तो वहां मलिकवाल का कोई न कोई टिवाणा अवश्य ही उपस्थित होता। बाबाजी का चोगा उन्हें फूटी-आंखों नहीं सुहाता था। अपने सामने वे और किसी को गिनती में लेते ही नहीं थे।

बाबाजी भी तो अपने को किसीसे कम नहीं समझते थे। माना कि समय ने उन्हें शक्तिहीन कर दिया था, पर थे तो आखिर सोढ़ी वंश के सितारे ही। फिर भला वे किसी का रौब क्यों मानते? बहुधा कहा करते—"टिवाणों में मेरे से अधिक है ही क्या? मात्र यही कि

के तैसे से कूटे पर भर्ती के काम में सरकार की अधिक सहायता कर स
हैं ?" पर क्या भर्ती का काम इतना कठिन था कि जिसे मोतियों क
यह गुलदीपक न कर सकता ? बाबाजी ने एक बात तो छाती पर हाथ
मारकर एक भरी सभा में कह दिया था—"यदि टिवाणों से दुगने
भर्ती न दूं तो मुझे 'मोदी' न कहना।" और अपने किए हुए इसी प्रण
को पूरा करने के लिए बाबा गुलदेवसिंह ने इन दिनों दिन-रात एक कर
रखा था। केवल रंगरूट भर्ती कराने में ही नहीं, 'वारफंड' के लिए
चन्दा एकत्र करने में भी उन्होंने कोई कसर न छोड़ी।

सरकार को प्रसन्न करने के विचार से अथवा टिवाणों को नीचा दिखाने के लिए बाबाजी ने भर्ती के लिए अपना सब कुछ जुए के दांव पर लगा दिया। किसी समय की सविता उनके पास कुछ पुरी थी, हिरणपुर की पक्की आबादी में दो-एक टूटे-फूटे मकान भी थे और वह सब उन्होंने रंगरूटों की जेबों में भर दिया। यदि कुछ बचा तो पूर्वजों की एकमात्र निशानी— यही हवेली। सम्भव है कि वह भी कभी हाथ दांव पर लग जाती जबकि इतना कुछ करने के बाद भी वे कुछ अधिक सफलता नहीं पा सके थे, परन्तु इस हवेली के साथ उनकी प्रतिष्ठा, सम्मान और पूर्वजों का नाम जुड़ा हुआ था, यही सोचकर वे इसे नहीं खोना चाहते थे।

'तो क्या टिवाणों को नीचा दिखाते-दिखाते मुझे खुद ही नीचा देखना पड़ेगा ?' यह एक ऐसी चिंता थी जिसने बाबाजी की नींद और भूख को हराम कर रखा था। उनकी दृष्टि में ऐसी पराजय से तो मृत्यु ही अच्छी थी।

सोचते-सोचते उन्हें एक और ढंग सूझा जिसकी सहायता से न केवल टिवाणों का गर्व तोड़ा जा सकता था, बल्कि अपने भविष्य को चार के स्थान पर आठ चांद लगाए जा सकते थे। उनका पुत्र 'सुदर्शन' मैट्रिक में पढ़ रहा था। बाबाजी ने झटपट फैसला कर लिया कि स्कूल से निकलते ही उसे कालिज में भर्ती करवाएंगे और बी० ए० तक उसे अवश्य पढ़ाएंगे, चाहे इसके लिए उन्हें हवेली ही क्यों न बेचनी पड़े। टिवाणों के लड़कों में कौन-से सुरखाब के पर लगे हैं बड़े-बड़े सरकारी पदों पर जा डटते हैं। बेशक यही न कि 'उमरहयात' ने उन्हें चार अक्षर पढ़ा दिए हैं। उन्होंने यदि अपने लड़कों को दस-दस कक्षाओं तक

पढ़ाया है तो मेरा बेटा चौदह पढ़कर वाईसराय की कौंसिल में बैठेगा। फिर देखूंगा कि कैसे मेरे सामने ये लोग टिक पाते हैं।

परिस्थिति यदि पहले जैसी होती तो कालेज की पढ़ाई कराना उनके लिए कोई कठिन बात नहीं थी। परन्तु जिस ढंग से उन्होंने सरकार-पूजा के हवनकुंड में धन की आहुति दी उससे उनकी आर्थिक अवस्था और भी खराब हो चुकी थी। पर हीरे की खान खोजने के लिए किसे पहाड़ों की खाक नहीं छाननी पड़ती है। वे सोचा करते 'सरकार की एक बार कृपादृष्टि होने भी देर है सब कुछ ठीक हो जाएगा।'

५

भाई-बहन, दोनों में गहरा स्नेह था। आयु में भी कोई विशेष अन्तर नहीं था। सुदर्शन बीरो से केवल दो साल बड़ा था।

बीरो का पूरा नाम 'रघुबीर कौर' था, पर उसे सब इस संक्षिप्त नाम से ही पुकारते। बचपन में ही मां के न रहने पर घर का सारा भार सिर पर आ जाने के कारण वह अपनी आयु की लड़कियों से कहीं अधिक समझदार और सयानी थी। गांव की लड़कियां चेतना की दृष्टि से बहुधा अभावग्रस्त होती हैं, पर इस बीरो को प्रकृति ने न जाने कैसा मस्तिष्क दिया था कि वह नागरिकों के भी कान काटती थी। बात अभी दूसरे के मुंह में ही होती थी वह उसका भाव भांप जाती। स्मरण-शक्ति उसकी इतनी प्रबल थी कि कोई भी कविता दो-चार बार पढ़ने के बाद उसे कंठस्थ हो जाती। कविता-पाठ में उसकी बड़ी रुचि थी। कहीं से भी कोई नया गीत या नयी कविता मिलती तो बीरो उसे उसी समय अपनी कापी में उतार लेती और उसके बाद मस्तिष्क में।

मां का दुलार दोनों भाई-बहनों के भाग्य में नहीं बदा था, और पिता के वात्सल्य को उनकी व्यस्तता कभी उभरने न देती। इस कारण माता और पिता दोनों का प्यार भाई को बहन से और बहन को भाई को प्राप्त होता। परिणाम-स्वरूप दोनों आपस में इतने घुलमिल गए थे कि किसी भी प्रकार का दुराव-छिपाव या संकोच उनमें नहीं था। हंसी-मजाक से लेकर गम्भीर बात तक वे आपस में निःसंकोच कर लिया करते थे।

सुदर्शन बाबू के बीबी के [illegible] [illegible]
करते थे। अब बीबी के लिए 'ग्रेजुएट' का कर्तव्य भी पूरे [illegible] निभाना पड़ता कि बीबी [illegible] सुदर्शन के अपने सामने बीबी [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] हो गई। [illegible] [illegible] के हाथ में [illegible]

हिरणपुर के लड़कियों का एक ही छोटा स्कूल था जो ईसाई मिशनरियों द्वारा संचालित होने के कारण खास लोकप्रिय नहीं था। जनता कहती थी कि मिशनरी स्कूलों में पढ़ने से लड़कियों को बाइबिल का कुछ ज्ञान मिलता है और वे अपने पूर्वजों के धर्म से विमुख हो जाती हैं। और ऐसे बीबी को बाइबिल सिखा देकर गोरी मेम का नाम बदनाम करना चाहते थे। ये सब सोचकर फिर सुदर्शन यहां किसी बड़े सरकारी पद को सम्मानपूर्वक लेकर कुल का नाम रोशन करेगा, यहां बीबी पूर्वजों से धार्मिक शिक्षा प्राप्त करके गोरी मेम की शिक्षा का पथप्रदर्शन करेगी।

स्कूल के अतिरिक्त लड़कियों के लिए यदि पढ़ाई का कोई प्रबंध था तो वह गुरुद्वारे में ही, जहां एक ग्रन्थी बच्चों पंजाबी पढ़ाता था। वहां पर पढ़ाई-लिखाई से नहीं अधिक समय लड़कियों को उनको भी दे घर का काम-धंधा करना पड़ता। बीबी भी कुछ समय तक वहीं 'स्कूल' में पढ़ी पर उन में से केवल बालिका को वहां कैसे शामिल हो सकता जहां 'क' 'ख' से लेकर गुरुमुखी पुस्तक न ही क्यों बोल जाते थे। और इतनी पढ़ाई तो बीबी ने प्रारम्भिक चार ८ महीनों में ही पूरी कर ली। बाद में उसकी पढ़ाई का उत्तरदायित्व सुदर्शन को सम्भालना पड़ा।

हिरणपुर के डी० बी० मिडल स्कूल की पढ़ाई समाप्त कर सुदर्शन को 'मस्तोबाल' में गवर्नमेंट हाई स्कूल में भर्ती होना पड़ा, क्योंकि आसपास और कोई हाई स्कूल नहीं था। रेल द्वारा हिरणपुर से मस्तोबाल लगभग सवा घंटे का रास्ता था। सुदर्शन सवेरे पौने आठ [illegible] जाता और शाम को ८ बजे की गाड़ी से लौट आता।

रात को दो घंटे उसे बीरो के साथ माथापच्ची करनी पड़ती। एक लम्बे समय तक दोनों भाई-बहनों की पढ़ाई का यही क्रम चलता रहा।

बीरो जाने कब से उस समय की प्रतीक्षा में थी जब उसे अपने भैया का दिन-भर का वियोग न होगा, जब वह सुदर्शन से मनमाना पढ़ सकेगी। पर जैसे ही उसे पता चला कि मैट्रिक पास करने के बाद सुदर्शन लाहौर के किसी कालेज में प्रवेश लेगा तो गहरी टीस उसके मन को भेद गई। परन्तु यह टीस शीघ्र ही एक लुभावनी आशा में बदल गई जब उसने अपने पिता से सुना कि बी० ए० पास करने के बाद उसका भाई कौंसिल का मेम्बर बनेगा और उसकी कुर्सी वायसराय के ठीक दाहिनी ओर होगी, जो टिवाणों को सात पुश्तों तक भी नसीब नहीं हो सकती।

यद्यपि जेहलम का पूरा ज़िला ही राजभक्तों का ज़िला था, जहाँ किसी भी प्रकार के राजनीतिक विचारों के लिए कोई स्थान नहीं था, फिर भी न जाने कैसे देश में घट रही घटनाओं का वृत्तान्त वहाँ पहुँच ही जाता था—विशेषतया विद्यार्थी वर्ग में। सुदर्शन का स्कूल सरकारी था, इस कारण लड़ाई के दिनों में किसी भी विद्यार्थी या अध्यापक के लिए राजनीतिक बातें करने और सुनने पर कड़ा प्रतिबन्ध था। पर इतना होते हुए भी अध्यापक और विद्यार्थी गुप-चुप रूप से आपस में इन प्रसंगों पर बातचीत करते दिखाई देते। लगता जैसे उनकी रुचि लड़ाई के सिवा और किसी विषय में थी ही नहीं। केवल स्कूली वर्ग तक ही सीमित न रहकर ये कथाएं साधारण जनता के कानों और होठों का विषय भी बन चुकी थीं।

एक ओर लड़ाई में अंग्रेज़ों की हार पर हार हो रही थी तो दूसरी ओर लोगों को 'गदर पार्टी' का नाम सुनाई देने लगा। यहाँ तक कि इसकी चर्चा नवयुवतियों के लोकगीतों में भी सुनाई देने लगी, जो चर्खों के ताल पर और लोकनृत्यों में गूंजती रहती:

"भारा गुलदी दा सुन गयी भेटा
अंग्रेज नू पै गयां घाटा
नी गोरयां ने तुर जावना
चल्ले-चल्ले नी गोरयां ने तुर जावना
बाबा बाबे नी कालियां दा राज ...

[illegible] मुराद [illegible] और [illegible] [illegible]

कुछ दिनों [illegible] डोरी को इस प्रकार के [illegible] [illegible] है [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] मुराद के [illegible] में वह [illegible] बना बैठा।

इसमें कोई संदेह नहीं था कि [illegible] डोरी [illegible] और [illegible] [illegible] के द्वारा कुछ [illegible] [illegible] परन्तु [illegible] डोरी के [illegible] विश्वास तो [illegible] भी था कि व्यावहारिक [illegible] में डोरी उससे बहुत आगे है [illegible] कुछ [illegible] की [illegible] [illegible] पहले दिखाई दे रहे थे तो वह डोरी ही की करामात थी।

"तुम्हें हर हालत में पास होना होगा, बेटा!" डोरी ने [illegible] मुरारी ने [illegible] विशेष [illegible] [illegible] पास होने का वादा ही नहीं किया बल्कि तन-मन से वह पढ़ाई में जुट भी गया।

बाबाजी आजकल बहुत अधिक व्यस्त थे। मुरारी की पढ़ाई के अतिरिक्त यदि उनके लिए जीवन और मृत्यु का कोई अन्य प्रश्न था तो भर्ती का काम। इलाके का हर छोटा-बड़ा अफसर तन-मन से इस काम में जुटा हुआ था। विशेष रूप से [illegible] के [illegible] दो दिन को दिन न समझते, न रात को रात। जहां इतनी बड़ी होड़ लगी हुई थी वहां बाबाजी कैसे टिककर बैठ सकते थे? उनका एक पैर घर में होता तो दूसरा गाँवों में।

डोरी साधारण लड़कियों की तरह डरपोक नहीं थी फिर घर में अकेले रात गुजारना उसके लिए अनहोनी बात होती। वह शरीर की

स्वस्थ तो थी ही, क्रान्तिकारी साहित्य पढ़ने से मन की भी दृढ़ हो गई। परन्तु आज तक उसे घर में अकेले रात गुजारने का कम ही अवसर मिला था। जब से सुदर्शन ने ट्यूशन पढ़ने मल्लोवाल जाना आरम्भ किया, कभी-कभी उसे अकेले में रात गुजारनी पड़ती थी। इससे उसे भय तो न लगता, पर सुदर्शन पर क्रोध जरूर आता। इसी बात पर एक दिन बहन-भाई में तगड़ी झड़प हो गई।

सन्ध्या हो चली थी, सुदर्शन जो कल सवेरे से निकला तो अभी तक घर वापस नहीं आया था। इसके अतिरिक्त एक और चिन्ता भी बीरी को पिछले कई दिनों से परेशान कर रही थी। सुदर्शन इन दिनों कितना गम्भीर, कितना रहस्यमय होता जाता था! कहां तो उसकी आकृति से हंसी फूटे पड़ती थी, और कहां यह हाल कि कितना ही बुलाते जाओ, किसी भी बहाने उससे बातचीत शुरू करो, उसके मुंह से 'हां-हूं' के अतिरिक्त कुछ न निकलता।

आज बीरी अपने भाई से निपटने को पूरी तरह तैयार थी। चाहे कुछ भी हो, वह आज इस पहेली का समाधान करके ही छोड़ेगी। वह आज भैया की इस रहस्यमयी खामोशी का ताला तोड़कर ही दम लेगी।

अन्तत: बीरी की प्रतीक्षा समाप्त हुई जब उसने सुदर्शन को आंगन में घुसते देखा। वह बिना कुछ बोले अंदर जाकर लेट रहा।

"आज मैं तुम्हें सोने नहीं दूंगी, भैया।" अंदर जाकर बीरी ने बच्चों जैसे हठ से कहा, "जब तक घंटे दो घंटे तुम मुझसे बातचीत नहीं करोगे।"

"अच्छा पूछो, जो पूछना चाहती हो।"

और बीरी ने उसके सम्मुख पूछनेवाली बातों का एक बहुत बड़ा दफ्तर खोलना शुरू कर दिया। बीच-बीच में कई बार सुदर्शन ने उसे टोका, कई बार किसी बात के उत्तर में उसने कुछ बोलना भी चाहा, पर बीरी ने उसकी एक न चलने दी, जब तक वह सब कुछ कह न चुकी। और जिस बात पर पहुंचकर बीरी ने अपना भाषण समाप्त किया, वह थी—"अच्छा, पिछली बातों को छोड़ो। पहले उस दिन की बात की तरफ आओ। तुम जाते हुए कह गए थे न कि मल्लोवाल में तुम्हारा एक मित्र बीमार है, और जब रात गुजारकर दूसरे दिन

जिस सुरंग का रास्ता तय करने के बाद, जब सुदर्शन ने बीरी को उसके बारे में बताया तो वह उसी तरह बहुत सहमकर उसके पास आ बैठी। बहुत समझाने के बाद जब सुदर्शन का उसकी खुशी लौटने में सफलता हुई।

'तुम्हें क्या पता है भैया किसीके दुख सुख के? मैं पागल हूँ जो फिर क्या हुआ? तुम्हारा होगा तब तुम रो-धोकर फिर और हंसने लगोगे, फिर तुम्हें कुछ भी दुख की खबर नहीं रहती।" और कहते-कहते बीरी सुबकने लगी।

पहले पिस्तौलें, फिर हथगोले-बारूद और फिर बम तक की दुहाई आदि सभी हथियार प्रयुक्त कर चुकने के बाद भी सुदर्शन को सफलता न मिली तो अन्त में उसने उस हथियार का प्रयोग करने की ठान ली जो वह किसी भी हालत में प्रयोग में लाना नहीं चाहता था।

"अच्छा बीरी," वह बोला, "अगर तुम किसी तरह रोना नहीं छोड़ती तो वह भेद मुझे तुम्हारे सामने खोलना ही पड़ेगा।"

सुदर्शन ने विस्तार से बताना शुरू किया कि किस प्रकार इधर पार्टी का सब खेल बिगड़ चुका था। बीरी ने सब बातें बड़े दुख से सुनीं, और पूछा, "तो तुम इसी मामले के बारे में फिर रहे हो इधर-उधर आज-कल?"

"हां, बीरी, इसी मामले में। मास्टर दलीपसिंह पार्टी के लिए बहुत काम कर रहे हैं और मेरा बहुत-सा समय आजकल उन्हीं के साथ लगता है। ये दो रातें भी तो मैं उन्हींके साथ बिताकर आ रहा हूं। पार्टी का ढांचा इस समय बिल्कुल उखड़-पुखड़ चुका है, वह दोबारा खड़ा हो सकेगा या नहीं, इस विषय में कोई कुछ नहीं कह सकता। पर उन लोगों ने हार मानना या साहस छोड़ना नहीं सीखा, इसलिए हमारा मिलना-जुलना अक्सर इसी प्रकार की बातों के लिए होता है। मास्टर दलीपसिंह का ख्याल है कि पार्टी की ओर से शीघ्र ही कोई कदम उठाया जाएगा। और जैसे ही कोई नई योजना तैयार हुई कि हमें कमर बांधनी होगी। यह ठीक है बीरी, कि इधर दसवीं की परीक्षा भी सिर पर आ पहुंची है और मैं कोशिश करूंगा कि परीक्षा में बैठूं भी, पर यदि इस बीच कोई आन्दोलन छिड़ गया और मेरी आवश्यकता आ पड़ी, तो मैं परीक्षा की परवाह नहीं करूंगा।"

देर तक बहिन-भाई आपस में बातें करते रहे, पर बातचीत के मध्य उस बात का कोई उल्लेख नहीं हुआ जिसके विषय में बीरो सबसे ज्यादा उत्सुक थी। फिर उसने स्वयं ही पूछा—"और भैया तराभा के विषय में कुछ पता चला कि वह आजकल कहां और किस दशा में है।"

ओर आंखों से बीरो के चेहरे की ओर देखने के बाद सुदर्शन ने इतना ही कहकर बात समाप्त कर दी, "अभी उसके विषय में कोई कुछ नहीं जानता, पर इतना निश्चित है कि वह अभी तक पकड़ा नहीं गया, नहीं तो अखबारों में छप गया होता। पंजाब-पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए हजारों रुपये का इनाम घोषित किया है।"

बातचीत शायद और कुछ देर चलती पर सहसा एक अतिथि के आगमन ने उस वार्तालाप को रोक दिया।

अतिथि कोई अनजाना नहीं, सुदर्शन का अध्यापक और मित्र मास्टर दलीपसिंह था।

बीरो ने यद्यपि मास्टर दलीपसिंह को आज तक नहीं देखा था, पर उसके विषय में जितना कुछ उसने अपने भाई से सुना था, उससे वह उसे बहुत कुछ जानती थी। बीरो को पढ़ने के लिए बहुत-सा क्रांतिकारी साहित्य सुदर्शन मास्टर दलीपसिंह के यहां से लाया करता था। शायद यही कारण था कि दलीपसिंह के आगमन ने बीरो के चेहरे पर संकोच का कोई चिह्न न आने दिया। जैसे ही सुदर्शन ने उसे बताया, 'बीरो, यह हैं मेरे मास्टर दिलीपसिंह," कि बीरो उसके साथ अपनों जैसा व्यवहार करने लगी। उसके स्वभाव में तो वैसे ही संकोच नहीं था।

सुदर्शन ने पूछा, "मास्टर जी, आप यहां कहां ?"

"तुम्हारे पास ही आया हूं"

"क्यों, सब कुशल तो है ?"

"बात बुरी ही है, नहीं तो क्या जरूरत थी सुबह-सुबह यहां आने की।"

"अच्छा बताइए क्या बात है ?" कहकर सुदर्शन ने बीरो की ओर देखा, जो बड़े ध्यान से सुन रही थी, शायद उसके देखने का मतलब था कि बीरो यहां से चली जाए।

"बीरो," उसने आदेश दिया, "जाओ मास्टर जी के लिए······!"

बीरो [illegible] कैसी बात है जो [illegible] है।" [illegible] बीरो के [illegible] [illegible] को [illegible] कि [illegible] था। [illegible] [illegible] मैं [illegible] कहीं [illegible] [illegible] हूं कि मैं [illegible] कर सकती हूं।"

सुदर्शन [illegible] बीरो के [illegible] था और [illegible] जो कुछ भी दिखाई देता था, उसको [illegible] के विरोध [illegible] वह [illegible] था कि वह उसको [illegible] बीरो की [illegible] इस समय को [illegible] हुआ वह [illegible] इससे पहले कभी भी उसने नहीं देखी थी। और [illegible] शान्ति दिखाई दे रही थी तब उसने बीरो के मुंह से सुना, "मास्टर जी, यदि आपको मुझ पर इतना भरोसा है तो मैं भी विश्वास दिलाती हूं कि आपका भरोसा टूटने नहीं दूंगी। चलो, मैं तैयार हूं।"

"धन्यवाद!" मास्टर [illegible] की बांछें खिल गईं, "बीरो, तुमने मेरी लाज रख ली। वास्तविक बात तो [illegible] तुम्हें [illegible] जाना है, तो तुम्हें वहीं जाकर पता चलेगा, पर मुझे विश्वास हो गया है कि—"

"बस करें मास्टर जी।" बीरो ने बीच में ही टोका, "इसका [illegible] जाने दीजिए। पता नहीं कर भी सकूंगी या नहीं। अच्छा, तो कब जाना होगा [illegible]?"

"आज ही।" मास्टर [illegible] उत्साहित होकर बोला, "बड़े [illegible] की पत्नी है। आज है मार्च की पहली तारीख। रात को वे [illegible] आकर ठहरेंगे, और कल वापस चले जाएंगे। इसलिए हमें दो बजे की गाड़ी में जाना होगा। रात की गाड़ी से तुम दोनों बहिन-भाई वापस आ जाना।"

"अच्छा, तो मैं तैयार हूं।" और वह सुदर्शन की ओर देखकर बोली, "भैया तुम तब तक पगड़ी बांधो, और मैं पेट-पूजा के लिए [illegible] कर लूं। गाड़ी में अभी काफी समय है।"

सुदर्शन पगड़ी बांधने लगा और बीरो रसोईघर में चली गई।

दूसरा भाग

८

"...और यह बात मैं विश्वास से कह सकता हूं कि जर्मनी के साथ अंग्रेजों की लड़ाई अवश्य होगी। अतः हमें चाहिए कि लड़ाई आरम्भ होने से पहले ही गदर की तैयारी कर लें। लड़ाई शुरू होने की आशा दो-तीन साल से पहले नहीं की जा सकती, और इतना समय हमारी तैयारी के लिए कम नहीं है..."

अमेरिका में रहने वाले भारतीयों की गदर पार्टी के प्रमुख नेता 'लाला हरदयाल' ने यह वक्तव्य ३१ दिसम्बर, १९१३ को सैक्रामेंटो (अमेरिका) में दिया था, जिसका श्रोताओं पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ा। और उसीके फलस्वरूप तत्पश्चात् शीघ्र ही वहां के भारतीयों ने लालाजी की शिक्षा पर अमल करना आरम्भ कर दिया।

लाला हरदयाल दिल्ली के रहने वाले थे, जो आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में प्रविष्ट होने के लिए इंगलैंड चले गए। वहां की पढ़ाई समाप्त करके वे कई दूसरे देशों में घूमते हुए अमेरिका जा पहुंचे। देश-स्वातन्त्र्य की आकांक्षा आरम्भ से ही उनके सीने में मचल रही थी, जो अमेरिका जाकर—अनुकूल वातावरण पाकर और भी भड़क उठी।

स्वतंत्रता का मूल्य स्वतंत्र देशों में ही जाकर जाना जाता है। जैसे-जैसे उन देशों के वातावरण का प्रभाव भारतीयों पर पड़ता गया उनकी आंखें खुलती गईं, और फिर उनकी खुली हुई आंखों में गुलामी

"[illegible] ?" [illegible] पूछा, "ग़दर पार्टी में ?" और वे ध्यान से [illegible]

"जी," युवक ने [illegible] स्वर में कहा, "[illegible] हूं [illegible] है।"

[illegible] रहता है। [illegible] [illegible] लगे।

"बैठ जाओ।"

वह सामने वाली कुर्सी पर बैठ गया।

"किस लिए आए हो ?"

"जी, दाखिले को।"

एक बार फिर लालाजी के होंठों पर विनोद की मुस्कान दौड़ गई। शायद यही सोचकर कि उम्र तीस से भी कम, और चला है इस पार्टी में भर्ती होने। पार्टी — जिसमें राजाओं को उखाड़ने के लिए फौलादी चट्टानों वाला बल चाहिए, और सर्दियों ऐंठे चेहरे वाला यह लड़का ? इससे तो कोई भी दो थप्पड़ लगाकर [illegible] लालाजी की समझ नहीं आ रहा था कि किस ढंग से वे इस लड़के की समझ दूर करें।

उन्होंने विनोदपूर्ण ढंग से उससे पूछा, "विद्यार्थी हो ?"

"जी, बर्कले यूनिवर्सिटी में पढ़ता हूं।"

"क्या नाम है ?"

"जी, करतारसिंह।"

"कुंआरे हो या शादीशुदा ?"

"जी, मंगनी हो चुकी है, और शादी होने वाली है।"

"अच्छा," (लालाजी मुस्कराकर हंसे) 'मंगनी' और 'शादी' के शब्द मुंह से निकालते समय उन्हें लड़के के चेहरे पर एक अजीब-सी उत्तेजना की झलक दिखाई दी। वे सोच रहे थे अब तो इसे कह ही देना चाहिए कि बेटा गदर पार्टी की गोष्ठियों में हलुआ नहीं बांटा जाता। पर

इसकी बजाय उन्होंने लड़के पर मजाक में प्रश्न किया, "मालूम होता है, शादी करवाने के लिए काफी उतावले हो।"

"आपने ठीक समझा," लड़का सचमुच ही शादी के लिए उत्सुक दिखाई दे रहा था, "मैं जल्दी से जल्दी शादी करवा लेना चाहता हूं।"

लालाजी अब भी स्वाद लेने से बाज नहीं आए, 'शायद' 'शायद तेरी मंगेतर बहुत ही खूबसूरत होगी, क्यों ठीक समझा न मैंने ?"

"शी इज मोस्ट ब्यूटीफुल, सर।" लड़के ने कदाचित् अपनी अंग्रेजी की योग्यता दिखाने को यह वाक्य कहा।

"और मेरा ख्याल है।" लालाजी ने तुर्रा दिया, "होगी भी किसी अमीर की लड़की। खूब दहेज मिलेगा तेरे मां-बाप को।"

"बहुत ही बड़े खानदान की लड़की है जी। शायद आप उसके पैरेंट्स को जानते होंगे।"

दो क्षण के लिए प्राप्त हुए इस मनोरंजन ने लालाजी का दिल बहला दिया था। दो पल और इसे जारी रखने की इच्छा से वे बोले, "शायद जानता होऊं, क्या नाम है लड़की के बाप का ?"

"यमराज।"

"क्या कहा, यमराज ?"

"हां जी।"

"और लड़की का नाम ?"

"लड़की का नाम, मौत।"

दांतों तले उंगली दबाते हुए लालाजी, नीचे से ऊपर तक ध्यान से लड़के को निहारते रहे। उनकी नजर लड़के के [illegible], लड़कियों जैसे चेहरे पर जमी रह गई। फिर उन्होंने पूछा, "पंजाबी हो ?"

"जी।"

"कौन-सा जिला ?"

"जी, लुधियाना।"

"लुधियाना शहर के रहनेवाले हो ?"

"नहीं जी, मेरे गांव का नाम 'सराभा' है।"

"अच्छा, यह बताओ बेटा," इस बार उनके स्वर में विनोद या व्यंग्य की जगह पर गम्भीरता-भरी जिज्ञासा थी, "कोई काम करना जानते हो ?"

[illegible] दुर्भाग्य [illegible]
[illegible] अमरीका [illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

इसलिए, [illegible] सरकार के [illegible] शासन से छिपा नहीं था, किन्तु [illegible] हो गई थी। [illegible] गया, वह था [illegible] भारत के [illegible] और घृणा से [illegible] दुर्भाग्य इस [illegible] यह उपाय कि सन् १९१४ के प्रारम्भ में ही देश में [illegible] पर कठोर प्रतिबन्ध लगा दिया गया।

अन्त वह समय भी आ गया, जिसके विषय में [illegible] ने १३ दिसम्बर, १९१३ को [illegible] युद्ध के [illegible] के विषय में भविष्यवाणी [illegible] समय राजनीतिज्ञों की धारणा थी कि युद्ध इतनी जल्दी शुरू हो [illegible] लालाजी की तरह सभी लोग [illegible] थे कि युद्ध दो-तीन वर्ष [illegible] शुरू होगा।

लालाजी के अमरीका छोड़ने के कुछ चार महीने बाद अर्थात् [illegible] जुलाई, १९१४ के समाचारपत्रों में जब लोगों ने मोटे-मोटे शीर्षक 'यूरोप का युद्ध शुरू हो गया।' पढ़ा तो सभी हक्के-बक्के रह गए। [illegible] उससे एक सप्ताह पश्चात् ४ अगस्त को एक और खबर छपी 'इंग्लैंड भी शामिल हो गया।'

भारत जैसे विशाल देश में, और अंग्रेजों जैसे मजबूत शासन [illegible] विरुद्ध गदर करवाना फिर करवाना भी विदेशों से आकर, यह [illegible] बहुत कठिन काम था। इसकी तैयारी के लिए तो आवश्यक रूप से [illegible] वर्षों का समय चाहिए था। इसीके अनुसार पार्टी की योजना थी [illegible] ही अंग्रेजों का ध्यान युद्ध की ओर होगा, झट से देश में गदर करा दि[illegible]

जाएगा। यह ठीक है कि पिछले एक वर्ष से भी कम समय में गदर पार्टी ने बड़ी तेजी से विकास किया था फिर भी उसे बहुत कुछ करना शेष था। इसलिए युद्ध की घोषणा ने क्रांतिकारी वर्ग में हलचल मचा दी। पर आवश्यक शिक्षा-दीक्षा एक बहुत मुख्य था, पर उससे पीछे हटने का भी तो उनके लिए कोई रास्ता नहीं था।

इस बीच पार्टी कुछ समय के लिए दो गुटों में बंट गई। एक गुट तुरन्त बगावत कराने के पक्ष में था और दूसरा इसकी जल्दबाजी करने का विरोधी था। पर विरोध करने वालों की संख्या इतनी कम थी कि अन्तिम फैसला बहुमतवाले वर्ग के पक्ष में हुआ। अर्थात् गदर की घोषणा को किसी भी दशा में, और किसी भी शर्त पर रोका नहीं जा सकता।

लाला हरदयाल इन दिनों जर्मनी में थे। और वहां बैठे हुए वे अच्छा-खासा काम कर रहे थे जिसका उन्होंने अमरीका रहते हुए किया। उनके काम का असर था अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जर्मनी, टर्की, जापान, ईरान और अफगानिस्तान आदि देशों से गदर के मामले में हर प्रकार की सहायता प्राप्त करना। जिसमें उन्हें काफी सफलता मिल रही थी, या मिलने की आशा बंध चुकी थी।

इसलिए पार्टी के लिए भी उचित यही आदेश था कि गदर की योजना को हर ढंग से पूरा किया जाए। इसलिए परिस्थितियों के मुताबिक युद्ध आरंभ होते ही भारत में गदर करवाने की तैयारी पहले से भी अधिक जोर से शुरू कर दी गई।

युद्ध में अंग्रेजों के शामिल होने के तीसरे दिन बाद, अर्थात् ७ अगस्त को 'पोर्टलैंड' में गदर पार्टी का एक बहुत भारी एकत्रीकरण हुआ, जिसमें शामिल हुए हजारों भारतीयों ने देश लौटने और जाकर गदर आरम्भ करवाने की कसमें लीं। फिर ६ अगस्त को इसी प्रकार का एक और सम्मेलन फ्रेस्नो में, और ११ अगस्त को सैक्रोमेंटो में किया गया। ११ अगस्त का एकत्रीकरण गदर पार्टी के इतिहास में सबसे बड़ा और रिकार्ड तोड़नेवाला था जिसमें नवाब खां, बरकतुल्ला और भगवानसिंह आदि सक्रिय क्रांतिकारियों के जोशीले भाषण हुए। इसी सम्मेलन में भारत को कूच करने का अन्तिम प्रोग्राम तैयार हुआ। यहां तक कि जहाजों के टिकट और अस्त्र-शस्त्र की खरीद के लिए बहुत-सा रुपया भी जमा कर लिया गया। उसके पश्चात् अलग अलग स्थानों पर सम्मेलनों

यह भी एक संयोग ही था कि २१ जुलाई को 'कोमागाटा मारू' कनाडा से चला, और इधर ग़दर पार्टी का प्रधान स० सोहनसिंह भकना अपने बहुत-से साथियों सहित २१ जुलाई को सैनफ्रांसिस्को से 'कोरिया' जहाज द्वारा रवाना हुआ। करतारसिंह सराभा भी भकनाजी के साथ था। इन्होंने सैकड़ों पिस्तौलें और बहुत-सा गोली-बारूद अपने हाथ रखा हुआ था। इसके अतिरिक्त इस जहाज द्वारा और भी बहुत-से अस्त्र-शस्त्र देश में लाए जा रहे थे।

'कोरिया' जहाज अभी अमरीका और जापान के बीच वाले समुद्र में ही था कि वायरलैस द्वारा 'युद्ध शुरू हो गया' का समाचार आ पहुंचा। यहां यह बात समझने वाली है कि सोहनसिंह भकना और उनके कई साथी इस युद्ध पर प्रचार शुरू करने के इरादे से युद्ध छिड़ने से पहले ही अमरीका से चल पड़े थे।

'कोरिया' जहाज जब योकोहामा (जापान) पहुंचा तो इतने में 'कोमागाटा मारू' भी वहां आ पहुंचा। सोहनसिंह और करतारसिंह सराभा की मुलाकात गुरदित्तसिंह से एक होटल में हुई। इस प्रकार 'कोमागाटा मारू' के यात्रियों और ग़दर पार्टी में परस्पर सम्बन्ध पैदा हुआ।

उस समय गुरदित्तसिंह और उनके साढ़े तीन सौ साथी बड़ी मुसीबत में थे। उनके पास पैसे की सख्त कमी थी। ऊपर से जहाज का बहुत-सा किराया उनके सिर पर आ पड़ा। क्योंकि नियत अवधि से उन्होंने अधिक दिन जहाज को व्यवहार में लाए थे। दूसरी घबराहट उन्हें इस बात की थी कि देश पहुंचते ही अंग्रेजी शासन उन्हें दबोच लेगा, जिसके मुकाबले के लिए चाहे सभी लड़-मरने के लिए तैयार बैठे थे, पर अस्त्र-शस्त्रों की कमी से उनका साहस गिरा जा रहा था।

मुलाकात के समय जब सोहनसिंह और करतारसिंह सराभा ने गुरदित्तसिंह से यह घटना सुनी तो भाइयों की हालत ने उनके खून में उबाल पैदा कर दिया। उसी समय २२००० डालर का चैक काटकर भकनाजी ने—जितना अतिरिक्त किराया जहाज के सिर पर चढ़ा हुआ था—उन्हें दे दिया। इसके अतिरिक्त दो सौ पिस्तौलें और गोला बारूद भी दिया।

यह तो सत्य है कि 'कोमागाटा मारू' के यात्रियों पर ज्यादती और जुल्म केवल एक व्यापारिक सिलसिले में हुए थे, पर ग़दर पार्टी

के बाद भी उसके बहुत बाद पहुँचा, क्योंकि भारी के देश पहुँचने से पहले ही इस कारण अंग्रेजों के विरुद्ध घृणा का तूफान पैदा हो चुका था। विशेष रूप से इस दुर्घटना की जोखमी थी, जो 'बजबज' (कलकत्ता) की बन्दरगाह पर हुई अर्थात् जैसे ही 'कोमागाटा मारू' कलकत्ता पहुँचा कि बहुतों की गोलियों और कई शिकार आए हुए इन असहाय यात्रियों का स्वागत अंग्रेजी सेना की तोपों से हुआ।

इस दुर्व्यवहार की खबरें क्रान्तिकारियों को—जो विदेशों से चल रहे थे—रास्ते में ही पहुँचनी शुरू हो गईं, और खूब बढ़-चढ़कर। जिससे फलस्वरूप बहुत से क्रान्तिकारी समझने लगे कि देश में गदर शुरू हो चुका है, और उनके पहुँचने के पहले ही। पर उनके होश और भी बढ़ गए।

१०

एक ओर विदेशों से क्रान्तिकारियों के जहाज आ रहे थे, दूसरी ओर भारतीय सरकार उनके लिए उपयुक्त स्वागत की तैयारी कर रही थी। क्रान्तिकारियों के इस उद्देश्य का छिपाव भी तो नहीं हो रहा था, बल्कि वह तो ओर से इसका प्रचार करते चले आ रहे थे। जिस भी बन्दरगाह पर उनका कोई जहाज रुकता, वहीं पर वे भीड़ एकत्रित कर अपना प्रचार आरम्भ कर देते। विशेष तौर पर जहाँ कहीं अंग्रेजी छावनियाँ थीं वहाँ तो खूब डटकर अंग्रेजों के विरुद्ध बोलना शुरू कर देते। जिसका परिणाम हुआ कि ५ सितम्बर को अंग्रेजी शासन ने एक नया आर्डिनेंस जारी कर दिया। अर्थात् विदेशों से आनेवाले भारतीयों से निपटने के लिए विशेष अधिकारों की प्राप्ति। इस कानून की सहायता से 'तोशा मारू' जहाज के यात्रियों में से लगभग पौने दो सौ यात्रियों को पकड़कर मिंटगुमरी और मुलतान की जेलों में नजरबन्द कर दिया गया। उसके पश्चात् कई अन्य जहाज 'यासोमा मारू', 'कूरसंग', 'नामसंग', 'मसामसा', 'मासा' और अन्य बहुत-से जहाजों द्वारा हजारों भारतीय देश पहुँचे। '[illegible]' इस संख्या को आठ हजार बताता है और 'लार्ड हार्डिंग' इससे भी अधिक। इनमें से जिस-जिस पर पुलिस को संदेह होता, उसे पकड़ लिया

जाता। बहुत-से अमन-पसन्द को क्रान्ति के लिए वे भाग गए थे, कुछ की भेंट कर दिए गए, क्योंकि अमन-पसन्द का विरोधी दल होता उनके बागी होने का सबसे बड़ा प्रमाण समझा जाता था। गोविन्दसिंह जैसे और अन्य बहुत-से क्रान्तिकारी नेता जहाजों में से ही पकड़कर दीर्घ-विषम समय के लिए नज़रबन्द कर दिए गए। अपना का पकड़ा जाना तो अंग्रेजों की समझ में गदर पार्टी का सिर काटे जाने के समान था।

परन्तु इतनी सख्ती और चौकसी के बाद भी हजारों क्रान्तिकारी सही-सलामत अपने ठिकानों पर पहुंच गए। उनमें से बहुतों पर सी० आई० डी० की निगरानी अवश्य कायम कर दी गई।

करतारसिंह सराभा को, जो अंग्रेजों के लिए घृणा से एड़ी से चोटी तक भरा हुआ था, पकड़ने के लिए पुलिस सबसे अधिक चौकन्नी थी, पर न जाने कैसे वह छलावा बनकर उनकी नजरों से बच निकला।

क्रान्ति की यह योजना लगभग १८५७ के विप्लव जैसी ही थी। इसी कारण देश पहुंचते ही क्रान्तिकारियों ने सबसे पहले जो काम किया, वह था सैनिकों से मेल-मिलाप पैदा करके उन्हें गदर के लिए तैयार करना।

यद्यपि उस समय यह काम आग से खेलने के ही समान था क्योंकि पहले से ही हर एक छावनी में इस प्रकार के लोगों के विषय में कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। किसी असैनिक का उन दिनों छावनी में दाखिल होना आसान नहीं था। फिर भी जिन-जिन ढंगों से क्रान्तिकारियों ने वहां तक अपनी पहुंच की, उसे चमत्कार ही कहना चाहिए। विशेष रूप से बीस साल की उम्र के लड़के करतारसिंह ने तो अपने कारनामों से बड़े-बड़े नेताओं को भी दंग कर दिया, जो इतनी सख्ती के होते हुए भी सैनिक बैरकों में जा धमकता, और जिस किसी से भी उसका सामना होता पहली मुलाकात में ही उसे अपनी मुट्ठी में करके लौटता। सिपाहियों की तो बात छोड़ो, सूबेदारों और मेजरों तक को कुछ ही घंटों में न केवल अपने साथ ही सहमत कर लेता, बल्कि शीघ्रता से गदर कराने में उन लोगों के दिलों में आग-सी सुलगा जाता। इतनी जल्दी सैनिकों को अपने साथ गांठ सकने की किसी भी क्रान्तिकारी को आशा नहीं थी जितनी सराभा के चमत्कार प्राप्त हुई।

इस उत्पात का इससे भी बड़ा कारण था उस समय के सैनिक वर्ग की अंग्रेज़ों के प्रति भक्ति। युद्ध में वे उनकी बड़ी विश्वासपात्र बन रही थी। अंग्रेज़ों की हार पर हार हो रही थी। देश के कई बहुमूल्य पलटनें ही सर्वथा होती हुई नष्ट हो चुकी थी, जिससे उस सिपाही प्रभाव पर बड़ा असर था—"अंग्रेज़ गए" यह सैनिक वर्ग में यह विश्वास प्रतिदिन मज़बूत होता जा रहा था, कि युद्ध में जाने का अर्थ है सीधा मृत्यु के मुंह में जाना।

प्रश्न केवल सैनिकों को उकसाने का ही न था, कई और भी समस्याएं थीं जो उस समय क्रांतिकारियों की राह रोके खड़ी थीं। सबसे बड़ी समस्या थी अस्त्र-शस्त्रों की कमी, क्योंकि क्रांति का काम आरम्भ करने के लिए वह बहुत बड़ी मात्रा में चाहिए थे। थोड़े-बहुत जितने अस्त्र-शस्त्र वे लोग विदेशों से लेकर आये थे, वे तो इतनी आवश्यकता के सामने आटे में नमक के बराबर भी नहीं थे। फिर वे इतना भी बहुत-सा माल उन्हें समुद्र में फेंकना पड़ा, जब उन्हें पता लगा कि अंग्रेज़ों की पुलिस न जाने किस समय जहाज़ से उतरते समय या बाहर ले तो उन्हें गिरफ्तार कर ले।

अस्त्र-शस्त्र इकट्ठा करने के लिए कई तरह के उपाय सोचे जाने लगे। देश में एक तो वैसे ही इस चीज़ का अकाल था और यदि कहीं मिलता भी तो बहुत महंगे मूल्य पर। और इतना मूल्य देने का सामर्थ्य भी तो उनमें नहीं था जो अपनी-अपनी पूंजी विदेशों में ही छोड़कर चले आए थे।

ले-देकर देश में एक ही जगह ऐसी थी जहां से अस्त्र-शस्त्र मिलने की कुछ आशा की जा सकती थी, और वह थी बंगाल की राजद्रोही पार्टी, जो उस समय तक कई क्रांतिकारी आन्दोलनों से भिड़ चुकी थी। पर पंजाब के क्रांतिकारियों का उस समय नाम-मात्र ही उनसे सम्पर्क था। सो इस ओर विशेष ध्यान दिया जाने लगा। पर इसमें उन्हें सफलता अधिक नहीं हुई। करतारसिंह सराभा ने बंगाल के मुख्य क्रांतिकारी शचीन्द्रनाथ सान्याल के पास जाकर जब पता किया तो उसे बताया गया कि बंगाली क्रांतिकारियों के पास पिस्तौलों की इतनी कमी है कि आपस में आकर कई बार वह अपने ही साथियों की चुरा लेते हैं। अलबत्ता बम बनाने और सप्लाई करने के मामले में वे लोग पंजाबियों

की सहायता कर सके।

परन्तु बंगाल के क्रान्तिकारी इस समय पंजाब के क्रान्तिकारियों पर अधिक विश्वास नहीं करते थे। वास्तव में [illegible] था कि पंजाबी क्रान्तिकारी [illegible] कमजोर हैं, दूसरे अधिक [illegible] के योग्य नहीं माने जा सकते। [illegible] कि अभी तक पंजाब के क्रान्तिकारी [illegible] नहीं कर सके, और [illegible] न होने के कारण [illegible] दूरी से काम कर रहे हैं [illegible] और अविश्वास भी हुआ।

यहाँ तक पंजाब की ग़दर पार्टी को बंगालियों से सहयोग [illegible] का प्रश्न था, इस बात में [illegible] नहीं मिल सकी, [illegible] तक आगे चलकर बंगाली क्रान्तिकारियों के प्रमुख नेता रासबिहारी [illegible] के हाथ में पंजाब ग़दर पार्टी का नेतृत्व नहीं सौंप दिया गया।

प्रारम्भिक दिनों में जब बंगाल से भी [illegible] उम्मीद न रही तो पंजाबी क्रान्तिकारियों ने दूसरी ओर ध्यान दे[illegible] आरम्भ कर दिया। उन्हें निश्चय था कि चाहे किसी भी ढंग से [illegible] हथियारों की प्राप्ति आवश्यक है। ग़दर की तारीख निश्चय होने में जितनी देर हो रही थी उतनी ही उनके ओर असफलता की सम्भावना बढ़ रही थी। इन बातों को ध्यान में रखते हुए एक के बाद एक, कई डकैतियाँ डाली आरम्भ की गईं।

तब तक छः-सात हजार के लगभग क्रान्तिकारी भारत पहुँच चुके थे जिनमें से बहुत से नजरबन्द कर दिए गए, और कइयों को निर्दोष समझकर छोड़ भी दिया गया। जो अभी तक भी पुलिस की नज़र से बचे हुए थे, उनके नेता करतारसिंह सराभा, हरनामसिंह टुंडीलाट, जगतसिंह, मथुरासिंह, पंडित जगतराम, पृथ्वीसिंह, रूरसिंह चूहड़ [illegible] और गुरमुखसिंह ललतों आदि पूरी चौकसी और तेजी के साथ अपने-अपने काम में जुटे हुए थे। क्रान्तिकारियों के कई और दल अभी तक भी किसी न किसी ढंग से विदेशों से चलकर देश पहुँच रहे थे।

देश पहुँचने के बाद क्रान्तिकारियों ने समय-समय पर सम्मेलन किए, और ग़दर के लिए कई प्रकार की योजनाएँ बनाते रहे उनमें से

जो मोष्टी सबसे महत्त्व रखती है वह नवम्बर के प्रारम्भ में लाजामांव (अमृतसर) में हुई जिसमें बहुमत निश्चय किया गया कि परिस्थितियां चाहे कैसी भी क्यों न हों, १६ नवम्बर को ग़दर का झंडा खड़ा कर दिया जाए। इस कार्य के लिए जो कमेटी बनाई गई, उसके नेता करतारसिंह सराभा, पंडित जगतराम, निधानसिंह और गुजरसिंह भकना नियत किए गए। पर बाद में कुछ रुकावटों, विशेषतया हथियारों की कमी के कारण वह तारीख स्थगित कर दी गई।

तब तक पंजाब की कुछ छावनियों को साथ मिलाने में सफलता मिल चुकी थी। विशेष रूप से मियांमीर (लाहौर) का रिसाला नं० २३ तो करतारसिंह सराभा की प्रेरणाओं के फलस्वरूप १५ नवम्बर को होने वाले ग़दर का प्रारम्भ करने के लिए न केवल तैयार था, बल्कि उतावला भी। कारण ? रिसाले के देसी अफसरों को हर समय चिन्ता लगी रहती थी कि अंग्रेज़ी अफसरों को संदेह हो गया तो उनकी दुर्गति कर दी जायेगी। और जब यह योजना सफल न हो सकी तो उनको गहरी निराशा हुई।

उसके बाद जो बैठक १९ नवम्बर को मोगा गांव (फिरोज़पुर) में हुई उसमें बताया गया कि अस्त्र-शस्त्र प्राप्त करने के लिए रुपये की आवश्यकता है, अतः सरकारी खजानों और शस्त्रागारों को लूटने की योजना को व्यवहार में लाया जाए।

योजना की पहली कड़ी के अनुसार मियांमीर छावनी के शस्त्रागार को लूटने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ, जिसकी तारीख २५ नवम्बर रखी गई। इस काम की जिम्मेदारी करतारसिंह सराभा और कुछ अन्य नेताओं को सौंपी गई। पर कई रुकावटों के कारण यह प्रस्ताव भी काम में न लाया जा सका।

उसके पश्चात् कार्यक्रम बना कि ३० नवम्बर को फिरोज़पुर छावनी का हथियारखाना लूटा जाए। इस उद्देश्य के लिए निश्चित समय पर क्रान्तिकारियों की टोली के कुछ सदस्य रेलगाड़ी पर सवार हुए, कुछ तांगों पर। परन्तु रास्ते में ही तांगों पर जानेवाले दल की पुलिस से मुठभेड़ हो जाने से न केवल यह मामला भी बीच में ही रह गया बल्कि मुठभेड़ में दो क्रान्तिकारी—पंडित काशीराम और मियां रहमत अली मारे गए और सात पकड़े गए (जिन्हें बाद में फांसी पर लटका

किया गया), आगे हम उसे देखेंगे।

अमृतसर से लौटने के बाद बाबाजी की व्यस्तता फिर से आरम्भ हो गई। भाई बिजली ने स्थायी रूप से उनके घर रहना स्वीकार कर लिया था। बेचारी निराश्रिता थी। महीनों से दरवाजे पर बैठी समय काट रही थी। बाबाजी ने गोरी को आदेश दे रखा था कि वह भाई को दोनों समय खाना खिलाया करे, जिसके बदले में वह घर की रखवाली किया करेगी। काम कर सकने के योग्य तो बेचारी थी नहीं।

गोरी के केवल विचारों में ही कई परिवर्तन नहीं आए थे बल्कि उसकी व्यस्तता ने भी कुछ नया मोड़ ले लिया था। पहले की तरह अब वह केवल पुस्तकों का ही कीड़ा नहीं बनी रहती थी, बल्कि इसके साथ-साथ एक और चीज भी उसके मन को बहलानेवाली बनती जा रही थी और वह था वही काला चमकदार खिलौना, जो न केवल उसके लिए मन-भाती वस्तु थी, बल्कि वह उसे किसीके प्रेम की निशानी भी मान चुकी थी। जब कभी भी उसे अवसर मिलता, दरवाजा बंद करके और भीतर की चिटकिनी लगाकर उसे लेकर बैठी रहती। कभी उसे उलटा-पलटाकर देखती, कभी खोलकर, कभी बन्द करके। बार-बार उसके मैगजीन में कारतूस डालती और बार-बार निकालती।

कई बार उसका मन होता कि उसे चलाकर देखा जाए। किसी अंधेरी रात में उसे लेकर ऊपर कोठे पर चली जाती और चारों ओर स्तब्धता देखकर वह इस काम के लिए तैयार भी हो जाती। पर जैसे ही उसकी अंगुली घोड़े को छूती कि 'अगर कोई...अगर कोई...' सोचते हुए फिर अंगुली को पीछे हटा लेती। ऐसी ही असफल चेष्टा वह कई बार करके

कि घर को ध्यान लगाकर बना दूँ, कभी दिल चाहता है…"

"बस-बस," दादाजी ने बीच बोलने से टोका, "मैंने इस रोग को समझ लिया है। बात तो कुछ भी नहीं है बेटा। किसी तरह का दबाव पड़ जाता है। इसका इलाज कोई मुश्किल नहीं। तीन दिन आराम करना, एकदम स्वस्थ हो जाओगी। जाओ, अन्दर जाकर आराम करो।"

और बीरी अन्दर जाकर लेट गई।

तीसरा भाग

२२

१ मार्च को सरकार की ओर से एक घोषणा-पत्र प्रकाशित करके बताया गया, जिसमें तीन भयानक क्रान्तिकारियों के पकड़े जाने की सूचना थी। और जिसमें विशेष रूप से उस विद्रोही—करतारसिंह सराभा—का वर्णन किया गया था, जो सबसे अधिक वारदातों के लिए पुलिस द्वारा ढूंढा जा रहा था और जिसकी गिरफ्तारी के लिए पहले से दुगुना पुरस्कार रखा जा चुका था। इसके अतिरिक्त उस घोषणा-पत्र में बड़े अभिमान और प्रशंसापूर्ण शब्दों में 'रिसालदार गंडासिंह' का वर्णन किया गया, जिसने उल्लेखनीय 'वीरता' से करतार और उसके दोनों साथियों को गिरफ्तार कराया। इस 'बहादुरी' के बदले में रिसालदार गंडासिंह को पंजाब सरकार ने बहुत-सी भूमि और पांच हजार रुपये नकद इनाम देने की सूचना भी दी थी।

उन लोगों का अधिक क्रोध गंडासिंह और उस जैसे अनेक पिट्ठुओं पर था, जिनके देश-द्रोह के कारण उनका हरएक कदम असफल होता चला जा रहा था। कृपालसिंह की करतूत अभी ताजी ही थी और इसके पश्चात् और भी कई पंजाबी इसी प्रकार की हरकतें करते चले आ रहे थे। पर रिसालदार गंडासिंह ने तो क्रान्तिकारियों में इतनी सख्त बौखलाहट पैदा कर दी कि उस स्थिति में वे लोग योग्य-अयोग्य की बुद्धि भी खो बैठे, जिसके फलस्वरूप घटनाओं का एक लम्बा सिलसिला आरम्भ हो गया। केवल पंजाब में ही नहीं, कई रियासतों में भी गड़बड़ शुरू हो गई, या ऐसे कहा जाना चाहिए कि इस सिलसिले की शुरूआत

२३

लाहौर सेंट्रल जेल के रंगमंच पर गत कुछ समय से एक 'कौंस-परेसी' नाटक खेला जा रहा था। अर्थात् पंजाब के क्रांतिकारियों के विरुद्ध मुकदमे की कार्यवाही हो रही थी। इस मुकदमे को 'लाहौर कौंसपिरेसी केस' का नाम दिया गया।

मुकदमे की सुनवाई तीन विशेष न्यायाधीशों का एक बोर्ड कर रहा था। तीनों में से दो अंग्रेज थे, और एक भारतीय। अंग्रेजों के नाम थे—ए० ए० इरविन और टी० पी० ऐलिस। और देसी था पंडित शिवनारायण, लाहौर का एक वकील सरकारी वकील के रूप में इंग्लैंड के एक प्रसिद्ध बैरिस्टर पिट मैन को बुलाया गया था।

इस मुकदमे का प्रारम्भ सेंट्रल जेल में २६ अप्रैल, १९१५ को हुआ। मुकदमे की सूची पर ८१ अपराधियों के नाम अंकित थे, जिनमें से पुलिस ६४ को गिरफ्तार कर चुकी थी, और शेष १७ फरार घोषित कर दिए गए थे।

कार्यवाही को सर्वसाधारण की दृष्टि से ओझल रखने के लिए जनता में से किसी को भी मुकदमा सुनने की अनुमति नहीं थी। यहां तक कि समाचारपत्रों के सम्वाददाता भी, सिवाय 'सिविल एण्ड मिलि-टरी गजट' आदि सरकारी अखबारों के, अन्दर नहीं आ सकते थे। कार्यवाही के विषय में छपी हुई रिपोर्ट कभी-कभी अखबारों को भेज दी जाती थी, पर उसमें सब कुछ मनमर्जी का होता। केवल यही नहीं, बल्कि अभियुक्तों के साथ पेशी के समय कई प्रकार का अवैधानिक और अपमानजनक व्यवहार भी किया जा रहा था।

यह बात बड़े दुःख वाली थी कि जनता की ओर से इन देशभक्तों को कोई सहायता या सहयोग नहीं दिया जाता था। उनके पत्र तो वैसे ही जेल-कानून के अनुसार जेलर के बिना पढ़े बाहर नहीं जा सकते थे। पर आश्चर्य की बात यह कि इतने बड़े प्रतिबन्धों के होते हुए भी मुकदमे की कार्यवाही की खबरें लोगों तक पहुंच जाती थीं और अभि-युक्तों की ओर से भेजे हुए गुप्त पत्र भी किसी न किसी ढंग से उनके सगे-सम्बन्धियों को मिल जाते थे, जिसके विषय में कोई कुछ नहीं जानता था कि कौन-से चित्रगुप्त की कृपा से यह सब हो जाता है।

ने ही की नहीं बल्कि दुखदायी भी होती है। इसलिए कैदी की यंत्रणा दुखदायी को दुर्गुणवान् स्पष्ट होती है। पर जाहिर है कि जेल के कर्मचारियों को कैदियों से भी बदतर बना दिया गया था। जेल के सभी छोटे-बड़े कर्मचारियों को कड़ा आदेश था कि किसी कठिनतम से भी बात न करें और पूरी कड़ाई से पेश आएं। कड़ाई का यह हाल था कि बाहर आए हुए कैदियों की इच्छा रहती थी कि अलग-अलग कोठरियों में रखा जाता, जहां एक-दूसरे से मिलने की सुविधा नहीं थी।

जेल की जिस ढंग से कोठरियां बनी हुई थी उनकी कुल सात कोठरियां थी—तीन ऊपर और तीन नीचे। इसमें से ही कोठरी नम्बर ११ में सर्वोत्पत्ति बराबर और उसके दो साथियों को ७ वर्ष को कठिन कारावास के दण्ड देकर लाए गए थे।

चाहे इस के बराबर सभी कोठरियों में ताला था, पर उनके दरवाजों की इतनी तरह बैठ जुड़ी थी कि दूर-दूर तक कोई दिखाई नहीं पड़ता। लोग इसे 'कोठरी नम्बर' कहते थे। इसकी प्रसिद्धि केवल बाहर ही नहीं, बल्कि जेल में भी थी। यही कारण था कि जिस दिन उसे यहां लाया गया, हरएक की जबान पर उसका नाम सुनाई देता था, मानो जेल में कोई तमाशा आ गया हो। हरएक उसे देखने को उत्सुक था।

जेलर और कैदी का रिश्ता प्रायः मेमने और भेड़िये वाला समझा जाता है; पर बराबर के व्यवहार से कर्मचारियों ने एक आश्चर्यजनक बात देखी कि वह जेलर और सुपरिन्टेंडेंट को भी 'तुम' कहकर सम्बोधित करता था।

[illegible] के अनुसार भाई परमानन्द का वंश सिख सम्प्रदाय के एक शहीद के वंश से सम्बन्धित था।

भाई परमानन्द का जन्म गांव करियाला, तहसील पिंड दादनखां, जिला जेहलम में हुआ था। उन्होंने प्रारम्भिक शिक्षा 'चकवाल' गांव के एक स्कूल में प्राप्त की और उसके पश्चात् कलकत्ता से एम० ए० पास करके लाहौर के डी० ए० वी० कालेज में प्रोफेसर लग गए। फिर १९०५ में अफ्रीका चले गए।

समय इच्छा हो। फिर भी वर्षों व कई महीने पहले ही दण्ड लेने योग्य हो जाऊं ?"

मुकद्दमे की कार्यवाही जोर-शोर से चल रही थी। छुट्टी [illegible] को छोड़कर प्रायः नित्य ही पेशी हुआ करती। [illegible] से नये से नये और अनोखे गवाह उपस्थित होते, [illegible] प्रकार की गड़बड़ी पैदा हो जाया करती। कभी-कभी तो [illegible] में और भी तल्खी आ जाती जब किसी गवाह की गवाही अभियुक्त द्वारा चुनौती दी जाती और जब गवाहों का [illegible] प्रारम्भ कर देते। [illegible] नोक-झोंक का क्रम प्रायः चलता ही रहता।

गवाहों में अधिकतर पुलिस वालों, या गांवों से लाए गए बेनाम नम्बरदारों की बहुसंख्या हुआ करती, जिन्हें इस सेवा के बदले पुरस्कार मिलने की आशा दिलाई गई होती थी। उनमें कई तो इन युवकों की शक्ल-सूरत से भी अपरिचित हुआ करते—केवल पुलिस अधिकारियों की पढ़ाई गई पट्टी के आधार पर ही गवाही देते जाते थे।

जजों की अविचार-भावना सीमा के बाहर थी। नियमानुसार [illegible] के लिए यह आवश्यक होता है कि अभियुक्त का बयान जैसा का तैसा फाइल में दर्ज कर लिया जाए। पर यहां यह हाल था कि जो भाग उन्हें रुचिकर लगता वे दर्ज कर लेते। शेष सभी कुछ छोड़ देते। यदि इस सम्बन्ध में कोई अभियुक्त अथवा उनका वकील आपत्ति करता तो उत्तर देते—"इंडिया सेफ्टी ऐक्ट के अनुसार हमें ऐसा करने का अधिकार है।"

जिस दिन सराभा की पेशी होती उस दिन अदालत में सबसे अधिक हंगामा दिखाई देता। जैसे ही उसे अदालत के कमरे में उपस्थित किया जाता कि वह सबकी आंखों का केन्द्र बन जाता। वह हथकड़ियों में जकड़े हुए दोनों हाथों को खड़तालों की तरह बजाता हुआ, और शराबी की भांति झूमता हुआ कुछ न कुछ गाता हुआ भीतर प्रवेश करता। उसके गाए हुए गीत बाद में इतने लोकप्रिय हो गए कि लोग उन्हें गली बाजारों में गुनगुनाते हुए सुनाई देते। विशेषतया उसकी ये पंक्तियां तो बहुत ही लोकप्रिय हो गई थीं :

देश सेवा का काम बड़ा कठिन भाई
अपना पथ कितनी भारी दुश्वार भी ॥
पूरा जिस दिन इस काले बोझ का मुहाल होगा,
होर नहीं सबसे दुश्वारी बाकी हार भी ॥
पहुँच जाय दुश्मन जो भूल से पहाड़े भारी,
कहिए वे देश कितनी किसको दरकार भी ॥

और जब भी वह जजों के सम्मुख बोलना आरम्भ करता तो जजों की आँखें खुली ही रह जातीं—दोनों ही जब दोनों हाथ संभलते लगाने लगते।

यद्यपि दूसरे कई अभियुक्तों ने भी अपनी-अपनी पैरवी के लिए इस्तैसार बयान दिए थे, पर श्री करतारसिंह सराभा की पैरवी के लिए सदा होती बड़ी गर्मजोशी थी।

लगभग छः महीने इस मुकदमे की कार्यवाही होती रही, जिसमें सरकारी पक्ष से कुल ४०४ गवाह प्रस्तुत किए गए। जिनमें से सभी के सराभा के विरुद्ध तीन गवाह गुजरे।

अन्त में वह अवसर—जो पिछले छः महीनों से लाहौर की जेल के एकान्त घर देखा जा रहा था—१३ सितम्बर, १९१५ को समाप्त हुआ। वैसे तो सभी अभियुक्तों को कानून की अनेक धाराओं के अनुसार सजा सुनाई गई, परन्तु करतारसिंह सराभा पर सबसे अधिक धाराएं लगाई गईं, जो इस प्रकार थीं—धारा—१२१, १२२, १२४, १२५, १३१ १३० १२८, ३०२ और ३९२।

अभियुक्तों को—विशेषतया मृत्यु-दण्ड वाले अभियुक्तों को—जिस कुटिलता ढंग से फाँसी लगाने के लिए पंजाब सरकार ने पहले से ही निश्चय कर रखा था उसका उदाहरण शायद ही कहीं मिलता हो। इस मुकदमे के तीनों जज—जो पंजाब सरकार की कठपुतली बने हुए थे—सरकारी निर्णय के विरुद्ध कैसे कुछ कर सकते थे? फिर वहाँ की परिस्थितियां तो ऐसी थीं कि अंग्रेजों के विरुद्ध की गई बगावत का मुकदमा, और अंग्रेजी शासन के हाथ में न्यायाधिकार! फिर न्याय मिले तो कहां से मिले?

क्रांतिकारियों के विरुद्ध सबसे अधिक जिस व्यक्ति ने अत्याचार ढा रखा था वह था पंजाब का गवर्नर 'माइकल ओ' डायर',

तीन सीर्षकों से अधिक नहीं पढ़ सकी : "···ग़दर पार्टी के अभियुक्तों को १३ सितम्बर को सज़ा सुना दी गई। चौबीस को मृत्यु-दंड,···शेष को *कालापानी···बाग़ियों के बारूदी नेता करतारसिंह सराभा को भी मृत्युदंड···।"*

भीड़ को ठेलते हुए जब बीरी बाहर निकली तो उसकी टांगें लड़खड़ा रही थीं। प्रसाद वाली थाली उसके हाथ से गिरते-गिरते बची।

घर पहुंचते ही वह धड़ाम से खाट पर गिर पड़ी।

बाबाजी अब तक जगकर स्नान करने की तैयारी में लगे हुए थे कि भीतर आती हुई बीरी पर उनकी दृष्टि पड़ी। इस प्रकार लड़खड़ाते बीरी को उन्होंने इससे पहले कभी नहीं देखा था।

"क्या बात है बेटी ?" खाट पर बैठते हुए उन्होंने पूछा।

"कुछ नहीं पिताजी···ठीक हूं।" बीरी ने आंखें मलते हुए और अपने को संयत करते हुए कहा, "ऐसे ही ज़रा सिर में चक्कर आ गया था।"

वह पिता को अपने स्वस्थ होने का विश्वास दिलाना चाहती पर देखने वाला कोई अनजान बालक तो नहीं था जो उसकी आ जाता, जबकि बीरी के चेहरे पर बाबाजी को स्पष्ट पील[illegible] आ रहा था। इससे पहले भी प्रायः बाबाजी बीरी के चिन्तित हो जाते थे, जब कभी वे उसे अजीब-सी स्थिति में थे।

मन्त्र-तन्त्र में न केवल बाबाजी को विश्वास था, अपने को इस कला में प्रवीण समझते थे। आज देते आए थे। फिर अपनी बच्ची की ओर से वे कैसे नि[illegible] पर कठिनाई यह थी कि इस कार्य के लिए [illegible] तक मंत्र का जाप करना पड़ता था, और इतने [illegible] बैठना उनके लिए आसान बात न थी। [illegible] क्या नहीं करना पड़ता ? उन्होंने निश्चय कर [illegible] लिए दौरे का कार्यक्रम स्थगित करके सबसे पहले करेंगे। काम तो ज़िन्दगी में कभी पूरे नहीं होते। [illegible] हो गया तो क्या होगा ?

बीरी पर अवश्य ही किसी दुष्ट आत्मा की

याल में बीरी हद दर्जे की डरपोक और दुर्बल-हृदय लड़की है, जो ज़रा-सी भी भयभीत करने वाली बात को सहन नहीं कर सकती। उन्हें याद था कि सुदर्शन के यहां होते हुए भी जब किसी बाग़ियों इत्यादि की बात किया करते तो बीरी के हाव-भाव में अवश्य ही परिवर्तन आ जाता था। कई बार उन्होंने उपचार के लिए निश्चय किया था, पर कार्यक्रमों से उन्हें कभी अवकाश ही नहीं मिला। आज जब उन्होंने बीरी पर छाया के प्रकोप का अनुभव किया, तो अन्य सभी ओर से ध्यान हटाकर वे 'जाप' करने में व्यस्त हो गए। जिस स्थान पर बैठकर उन्हें बीरी का तांत्रिक उपचार करना था, उन्होंने उस स्थान को अपने हाथों से लीपा। आज संक्रांति का दिन इस काम के लिए शुभ था। पाठ-पूजा के लिए धूप, अगरबत्ती और अन्य आवश्यक वस्तुएं वे बाज़ार से ख़रीद लाए। पर यह सब कुछ धरा ही रह गया जब उन्हें डाक से जेहलम के डी० सी० की ओर से एक आवश्यक पत्र आ पहुंचा। पत्र अंग्रेज़ी में था। बीरी ने पढ़कर सुनाया। भाई की निरन्तर सहायता के परिणामस्वरूप यदि अधिक नहीं तो इतनी-सी अंग्रेज़ी की योग्यता उसने प्राप्त कर ली थी।

डी० सी० ने बाबाजी को तुरन्त बुला भेजा था जिसका अर्थ समझने में उन्हें देर न लगी, अर्थात् पुरस्कार के रूप में बांटी जाने वाली ज़मीनों के विषय में। उनके भाग में आने वाली ज़मीन के लिए डी० सी० ने उनकी राय लेना आवश्यक समझा होगा। अब तो वे अपनी मन-पसंद की चीज़ प्राप्त कर सकेंगे, यह अनुभव करके उन्हें बड़ी प्रसन्नता हुई। कहां तो वे स्वयं इस काम के लिए डी० सी० से मिलने की बातें सोच रहे थे, और कहां भाग्यदेवी प्रसन्न हो उठी, कि स्वयं डी० सी० ने ही उन्हें तुरन्त बुला भेजा। उनके विचार में इससे बढ़कर सौभाग्य किसे कहा जा सकता था!

बीरी की समस्या चाहे कम महत्ता नहीं रखती थी, जिसके लिए वे कहीं भी न जाने का निश्चय कर चुके थे, परन्तु यह भी तो कठिन था कि भाग्यदेवी जब स्वयं आकर दरवाज़े पर दस्तक दे, तो वे अवसर को खो दें। अतः निश्चित फ़ैसले में थोड़ी-सी अदला-बदली करने के विचार [illegible] है नहीं। अब तो गाड़ी का समय निकल [illegible] से जाऊंगा, और संध्या [illegible]

उसमें कोई विशेष वस्तु नहीं थी। 'यादों की धूप' की कुछ पुरानी प्रतियाँ, कुछ कविताएँ और कुछ पत्र थे, जो मुर्तीन ने उसे लिखे थे। मुर्तीन की ओर से आए उन्हें कहीं बेरहमी से फेंक दिया गया। इस प्रकार का कोई भी कागज़ पत्र मैं न रखूँ, पर कौन जानता था कि वह उसके जीवन के हर भाग में बस जाता है, जो इतना पवित्र और उतना निश्छल है।

सबसे पहले उसने एक-एक करके पत्रों के पन्ने उलटने आरम्भ किए। उन्हीं पन्नों, जिन पर कभी उसने अपने मन की तस्वीर किसी दीवार से उतारकर चिपकाई थी, आँखों में समेटकर देर तक उन्हें देखती रही। देखते-देखते जब आँखों के आगे पानी की परत छा जाने पर उसे तस्वीर दिखाई देने में बाधा हुई तो दुपट्टे से आँखें पोंछने के बजाय उसने पत्रों को एक ओर रख दिया और फिर पत्रों को उलट-पलट करने लगी। मुतीन की अन्तिम चिट्ठी उसने लिफाफे में से निकाली।

प्रातःकाल की हल्की रोशनी के कारण कमरे में अभी तक पढ़ने योग्य प्रकाश नहीं था। वह चौखट में जाकर खड़ी हो गई, और उसे पढ़ने लगी। पढ़ते-पढ़ते उसकी मनोदशा किसी ओर दूर व्याकुल-सी ही हो गई। वैसे ही दरवाज़े से कान्ता लगाए खड़ी रही। उसकी आँखों की पुतलियाँ पथराती जा रही थीं और दिल की धड़कन तीव्र होती जा रही थी।

वहाँ से हटकर वह उसी सन्दूकची के पास आकर बैठ गई और सुस्त हाथों से सभी कुछ उसमें ही समेटने लगी।

प्रभात का धुंधलापन छँट चुका था। वास्तव में यह धुंध उसे अपनी आँखों की सरलता के कारण लग रही थी, जो बार-बार उसकी पुतलियों में तैरने लगती और जिसे पोंछने तक का उसे ध्यान नहीं था। इस कृत्रिम-सी धुंध में मीरी की आँखें बार-बार दो वस्तुओं के गिर्द घूम रही थीं। कभी पास पड़े हुए सन्दूक पर, कभी सामने रखी सन्दूकची पर। उसके कानों में वही वाक्य—'एक म्यान में····' बार-बार गूंज रहा था, जो वाक्य न रहकर इस समय मीरी को ठोस रूप में परिणत होता दिखाई दे रहा था। मानो बड़ा सन्दूक और छोटी सन्दूकची, ये दोनों तलवारें बन गए हों, और कमरा एक 'म्यान' के रूप में बदल गया हो।

सहसा उसपर कुछ ऐसा पागलपन-सा सवार हुआ कि सन्दूकची को उसने संदूक के नीचे सरका दिया और फिर झटके से बैग को उठा कर वह रसोईघर की ओर भागी।

फिर बीरो से एक और पागलपन हो गया, जो वह अचेत रूप से ही कर बैठी अथवा जानबूझकर, वह समझ नहीं सकी। उसने एक भयानक घटना को आमंत्रित किया। होश में रहते हुए भी वह यह नहीं समझ सकी कि यह निमन्त्रण उसने जानबूझकर दिया है या अनजाने में। तब एकदम बाहर निकलकर उसने शोर मचाना शुरू कर दिया—"पिताजी ! पिताजी, आग लग गई, जल्दी आइए···।"

झटपट बाबाजी सीढ़ियां उतरे। रसोईघर में जो कुछ उन्होंने देखा, सिर पकड़कर बैठ गए चूल्हे के पास कुछ चीजें जली हुई पड़ी थी और कुछ अधजली स्थिति में, जिनकी काली-काली राख पर ताजे गिराए पानी का गीलापन अभी विद्यमान था। बैग भी जला पड़ा था। केवल उसका अग्रभाग ही बचा था जो पीतल या लोहे का होने के कारण आग के प्रभाव से बच गया।

बाबाजी क्या देख रहे थे ? उनका भाग्य जलकर राख बना पड़ा था···उनका सुनहरा भविष्य विनाश के पेट में उतर चुका था।

'सत् तेरा सत्यानाश हो···! चिल्लाते हुए बाबाजी ने पूरे जोर से दोहरा थप्पड़ बीरो की पीठ पर दे मारा। इतने जोर का थप्पड़ सहन न करके बीरो मुंह के बल जमीन पर गिर पड़ी। बाबाजी का ध्यान उसी राख की ढेरी ने खींचा हुआ था। शीघ्रता से उन्होंने इस ढेरी को उलटना-पुलटना शुरू किया जो शायद उनके दुर्भाग्य ने थोड़ी-बहुत कसर रह गई हो, पर व्यर्थ। भीगी-भीगी राख के अतिरिक्त शायद वहां पर कुछ भी नहीं था। अलबत्ता जले हुए कागजों के बीच में कहीं-कहीं सफेद अंश था, पर केवल उतना ही जितना एक डूब चुके जहाज के बादबान का एक कोना।

पहला थप्पड़ बीरो के शरीर पर पड़ा था, और इसके पश्चात् दो, चार, पांच थप्पड़ बाबाजी ने अपने माथे पर मारते हुए एक तरह का विलाप आरंभ कर दिया—"हाय रे दुर्भाग्य—यह क्या हो गया क्षण-भर में ?" और साथ ही साथ वे बीरो को भी—जो अपने को संभालती हुई बैठ गई थी—कोस रहे थे, "तेरा सत्यानाश हो कुलनाशिनी !

कर दी।……"अब कागजों में क्या रक्खा है ! यदि कागज़ात खो गए तो इसका यह अर्थ तो नहीं कि सब कुछ चला गया। ऐसा कौन-सा दफ्तर है जिसमें मेरी जान-पहचान नहीं है ? लाहौर की सिट्टी ऐसी चीज़ नहीं थी जिसे लोग न जानते हों। कई अफ़सरों और बड़े लोगों की डायरियों में लिखी थी। डी० सी० को दिखाने की ज़रूरत भी क्या है ! दिखाने का तो मुझे ऐसे ही विचार आ गया था।"

गाड़ी से उतरे और स्टेशन से चलकर डी० सी० के दफ्तर पहुंचने तक सारा रास्ता तांगे में बैठे हुए वे इसी प्रकार के तर्क-वितर्क के तराजू से मान के भारी पलड़े को भारी करने में जुटे रहे। परिणामस्वरूप कोठी पहुंचने तक उनकी स्थिति में कुछ न कुछ सन्तुलन आ गया।

बुध का दिन खान बहादुर 'शेख मुहम्मद अमीन' डिप्टी कमिश्नर ने भेंट-मुलाकातों के लिए नियत किया हुआ था। इसलिए बाबाजी को मध्याह्न की बजाय कोठी जाना पड़ा। थैले में से चोगा निकालकर उन्होंने पहन लिया। तांगे में बैठे उन्होंने विशेष ध्यान रखा कि कहीं पीछे की तख्ती से रगड़ खाकर चोगा फट न जाए या उसमें कोई सिलवट न पड़ जाए। बहुत पुराना होने से उसके फटने का भय बना ही रहता था।

भेंट के कमरे में पहुंचकर बाबाजी को लम्बी प्रतीक्षा करनी पड़ी। डेढ़ घंटे के पश्चात् जब उन्हें बुलाने के लिए चपरासी आया तो वे उठकर चले।

खां साहब का कमरा शाही ढंग से सुसज्जित था, जिसमें कई छोटे बड़े सोफे और कुर्सियां थीं। बाबाजी के दिल को झटका-सा लगा जब खां साहब ने उठकर हाथ मिलाने की अपेक्षा अकड़कर सामने रखी हुई एक साधारण-सी कुर्सी पर उन्हें बैठने को कहा जबकि बाबाजी ऐसे अफसरों के कंधे से कंधा जोड़कर बैठने के अभ्यस्त थे। एक तो पहले से ही उनकी तबियत परेशान थी, दूसरे यह अपमान, जिसे ज़हर का घूंट समझकर उन्हें पी जाना पड़ा। और सबसे बड़ा अपमान यह कि बिना कुशल-क्षेम पूछे, बिना किसी प्रकार की आवभगत किए खां साहब ने सरकारी अफसरों जैसे रूखे स्वर में उन्हें पूछा, "क्यों जी, सुदर्शनसिंह क्या आपका लड़का है ?"

भीतर ही भीतर तिलमिलाते हुए बाबाजी ने 'हां' में उत्तर दिया।

वे सोच रहे थे, इतना अभिमानी है यह जलमुहां कि 'बाबाजी' भी इससे कहते नहीं बना ?

मेज के दराज में से एक हल्की-सी फाइल निकालकर उसे उलटते हुए खां साहब ने उसे ठंडे लहजे में कहना शुरू किया—"कितने अफसोस की बात है कि एक पुराने वफादार की संतान इतनी गुमराह हो जाए ! फिर भी मैं समझता हूं कि आपका बहुत बड़ा सौभाग्य है कि आपको यह निर्देश देने का अवसर विशेष रूप से ऊपर से मिला है। वरना आप जानते हैं कि बड़े से बड़े जुर्म के लिए कानून में चाहे कुछ ढील आ जाए, पर बगावत के दोषी के लिए इसमें किसी प्रकार की भी रियायत की गुंजाइश नहीं है।"

खां साहब वैसे ही फाइल में ध्यान गड़ाए बोलते आ रहे थे। इधर बाबाजी पसीने से तर हो रहे थे। न केवल घोंघे का कसाव ढीला पड़ गया, बल्कि वे ऐसा अनुभव कर रहे थे मानो फांसी के तख्ते पर खड़े हों, और रस्सी का फंदा उनके गले में पड़ने ही वाला हो।

वैसे ही खां साहब रुके कि एक, दो, तीन बार खांसकर, मानों रुकते आते गले को खोलने का यत्न कर रहे हों, बड़ी दीनता से वे बोले, "क्षमा करना जनाब (खां साहब के स्थान पर जनाब शब्द निकालते समय उनके होंठों में थिरकन-सी पैदा हो गई) आपकी बात मेरी समझ में······।"

"ठहरिए," खां साहब वैसे ही फाइल देखते हुए ऐसे गरजे मानो किसी नौकर को हुक्म दे रहे हों। जिसे सुनकर बाबाजी फिर बोलने का साहस न कर सके। उनकी आंखों के सामने अंधेरा छा रहा था।

फाइल को देखते रहने के पश्चात् खां साहब ने कहा, "आपने क्या कहा, कि मामला आपकी समझ में नहीं आया ?"

"सच कह रहा हूं हुजूर।" बाबाजी रोनी-सी आवाज में इस बार 'हुजूर' कहकर गिड़गिड़ाए, "मैं अपने गुरु परमात्मा की साक्षी देकर कह रहा हूं कि मुझे ऐसी किसी भी बात की आज तक कोई जानकारी नहीं है। यदि ऐसा होता तो मैं अपने हाथों से अपनी संतान का गला घोंट देता।"

यदि ऊष्णता से पत्थर में तरलता का आ जाना संभव है तो यह भी संभव है कि बाबाजी की स्थिति को देखकर, उनकी गिड़गिड़ाहट

आप तुरन्त चले आइए और जैसे भी संभव हो सके,
नाने के लिए मनवाकर साथ ले आएं। एक और ब
अगर इसमें देरी की गई तो ...
बुरा हो। इधर मुझपर बड़ा भारी दोष
में मैं दीन कर रहा हूं, उधर न केवल आपके बचाव के
जाएंगे, बल्कि अब तक आपने सरकार की जितनी भी
मिट्टी में मिल जाएगी। यह भी संभव है कि आपके नि
कदम भी उठाया जाए। आपके लड़के को तो इस सूरत
मिलेगा, जो दूसरे बागियों को मिल रहा है। १३ हिरम्
जो हुक्म सुनाया गया है, आप अखबारों में पढ़ ही चुके होंगे

खां साहब के भाषण का अंतिम भाग बाबाजी नहीं
उनके सिर में और भी तेज चक्कर आने शुरू हो गए।

"अच्छा जाइए।" कहकर खां साहब सोफे पर से उ
और बिना कुछ कहे पिछले दरवाजे से भीतर चले गए, जिसका
को तभी पता चला जब अरदली ने प्रवेश किया, जिसके आग
बाबाजी के लिए अर्थ था, 'चलते बनो।'

कमरे में से निकलते समय बाबाजी की टांगों पर हजारों
चल रही थीं। दोपहर की कड़कती धूप में भी उनकी आंखों के
संध्या का धुंधलापन छाया हुआ था। उन्होंने घोगा उतारकर ह
पकड़ लिया।

रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर उन्होंने हिरणपुर के बजाय लाहौर
टिकट खरीदी। बीरी मरे चाहे जीए। जो हो चुका है उसे छोड़
जो होनेवाला है उसीकी चिंता उन्हें खाए जा रही थी।

२७

बाबाजी के जेहलम चले जाने के पश्चात् बीरी के दिल को थोड़ा
सा संतोष हुआ कि आज घर में उसकी मानसिक या शारीरिक स्थिति
को परखने-जांचने वाला कोई नहीं है। भीतर से बाहर और बाहर से
भीतर। जैसे-जैसे समय व्यतीत होता गया उसकी मानसिक बेचैनी
बढ़ती जा रही थी। उसे कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था कि वह

आप तुरन्त चले जाइए और जैसे भी संभव हो सके, लड़के को मुफ नामे के लिए मनवाकर साथ ले आएं। एक और बात बता दूं मगर इसमें देरी की गई तो इसका नतीजा शायद हम दोनों के लि बुरा हो। इधर मुझपर बड़ा भारी दोष लगेगा कि मुलजिम को पक मे मैं ढील कर रहा हूं, उधर न केवल आपके बचाव के रास्ते बन्द जाएंगे, बल्कि अब तक आपने सरकार की जितनी भी सेवा की मिट्टी मे मिल जाएगी। यह भी संभव है कि आपके लिए कोई क कदम भी उठाया जाए। आपके लड़के को तो इस सूरत में वही मिलेगा, जो दूसरे बाग़ियों को मिल रहा है। १३ सितम्बर को उन जो हुक्म सुनाया गया है, आप अखबारों में पढ़ ही चुके होंगे।"

खां साहब के भाषण का अंतिम भाग बाबाजी नहीं सुन सके। उनके सिर में और भी तेज चक्कर आने शुरू हो गए।

"अच्छा जाइए।" कहकर खां साहब सोफे पर से उठ खड़े हुए और बिना कुछ कहे पिछले दरवाजे से भीतर चले गए, जिसका बाबाजी को तभी पता चला जब अरदली ने प्रवेश किया, जिसके आगमन का बाबाजी के लिए अर्थ था, 'चलते बनो।'

कमरे में से निकलते समय बाबाजी की टांगों पर हजारों चींटियां चल रही थीं। दोपहर की कड़कती धूप में भी उनकी आंखों के सामने संध्या का धुंधलापन छाया हुआ था। उन्होंने चोगा उतारकर हाथ में पकड़ लिया।

रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर उन्होंने हिरनपुर के बजाय लाहौर की टिकट खरीदी। बीरी मरे चाहे जीए। जो हो चुका है उसे छोड़कर, जो होनेवाला है उसीकी चिंता उन्हें खाए जा रही थी।

२७

बाबाजी के जेहलम चले जाने के पश्चात् बीरी के दिल
सा संतोष हुआ कि आज घर में उसकी ... था,
को परखने-जांचने वाला कोई नहीं है।
भीतर। जैसे-जैसे समय व्यतीत होता
बढ़ती जा रही थी। उसे कुछ

या करे, कैसे अपने निराश मन को धैर्य बंधाए।

'सरामा इस संसार से कूच करने वाला है। उसे मृत्युदंड मिल चुका है। वह फांसी पर लटकने ही वाला है। क्या मैं उसे, संसार छोड़ने के पूर्व, एक बार भी नहीं देख सकूंगी? क्या यह असम्भव है? यह तो तभी सम्भव हो सकता है, यदि पिताजी से आते ही उन्हें कहूं कि वे मुझे मामाजी के यहां छोड़ आएं। उन्हें भी लाभ होगा कि वे दौरे पर जितने दिन चाहें लगाएं। क्या वे स्वयं अनुभव नहीं करते होंगे कि मैं घर में अकेली हूं? कह दूंगी कि घर में अकेले रहने से मुझे भय लगता है। और भय के परिणामस्वरूप ही मुझे दौरे आने लगे हैं। अब तो भाई भी चले गए हैं। ऐसी स्थिति में मुझे मामाजी के यहां भेजने में उन्हें और भी संतोष मिलेगा। तो बस, यही ढंग उचित रहेगा। मामा के पास चले जाने के पश्चात् लाहौर जाना मेरे लिए कठिन नहीं होगा—कोई न कोई बहाना बनाकर चली जाऊंगी।' इस निर्णय पर पहुंचकर उसके मन को कुछ संतोष हुआ।

बीरी को विश्वास था, जैसा कि बाबाजी आते समय उसे कह गए थे, कि वे संध्या समय लौट आएंगे, पर संध्या छोड़ जब रात भी गुज़र गई तो उसका भय बढ़ना शुरू हो गया, और इस चिन्ता के कारण उसके सामने कई प्रकार के भयानक चित्र उभरते चले आए—डी॰ सी॰ ने उन्हें बुलाया है···कहते थे कि ज़मीन···इनाम···पर डी॰ सी॰ के निमन्त्रण का क्या यही अर्थ हो सकता है? शायद भैया के विषय में···और जो मैंने यह काम किया है, क्या उसे पिताजी का हृदय सहन कर सकेगा? एकदम सिर की चोट-सा?···कहीं निराश होकर···'

दूसरा दिन भी गुज़र गया, फिर तीसरा भी। पर बाबाजी नहीं लौटे, न ही उनके लौटने के विषय में कोई पत्र-सन्देशा ही प्राप्त हुआ। पहले भी प्रायः ऐसा होता रहता था। जब भी उन्हें दौरे से लौटने में निश्चित समय से अधिक लग जाता, तो वे पत्र अथवा सन्देश आदि भेज दिया करते थे। इस बार तो उनके लिए यह और भी आवश्यक था, जबकि वे बीरी को बीमारी की हालत में छोड़कर गए थे—जिसका उन्होंने वापस आकर ही उपचार करना था।

आज बीरी का मन बहुत उदास था। उसे कुछ भी अच्छा नहीं

आप तुरन्त चले जाइए और जैसे भी संभव हो सके, लड़के को छुड़ाने के लिए सरकार से अपील करें। एक और बात बता दूं, अगर इसमें देरी की गई तो इसका नतीजा शायद हम दोनों के लिए बुरा हो। इधर मुझपर बड़ा भारी दोष लगेगा कि मुजरिम की पक्ष में मैं ढील कर रहा हूं, उधर न केवल आपके बचाव के रास्ते बन्द हो जाएंगे, बल्कि अब तक आपने सरकार की जितनी भी सेवा की, सब मिट्टी में मिल जाएगी। यह भी संभव है कि आपके लिए कोई सख्त कदम भी उठाया जाए। आपके लड़के को तो इस सूरत में वही दण्ड मिलेगा, जो दूसरे बागियों को मिल रहा है। १२ दिसम्बर को जिन्हें जो हुक्म सुनाया गया है, आप अखबारों में पढ़ ही चुके होंगे।"

खां साहब के भाषण का अंतिम भाग बाबाजी नहीं सुन सके। उनके सिर में और भी तेज चक्कर आने शुरू हो गए।

"अच्छा जाइए।" कहकर खां साहब सोफे पर से उठ खड़े हुए और बिना कुछ कहे पिछले दरवाजे से भीतर चले गए, जिसका बाबाजी को तभी पता चला जब अरदली ने प्रवेश किया, जिसके आगमन का बाबाजी के लिए अर्थ था, 'चलते बनो।'

कमरे में से निकलते समय बाबाजी की टांगों पर हजारों चींटियां चल रही थीं। दोपहर की कड़कती धूप में भी उनकी आंखों के सामने संध्या का धुंधलापन छाया हुआ था। उन्होंने चोगा उतारकर हाथ में पकड़ लिया।

रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर उन्होंने हिरणपुर के बजाय लाहौर की टिकट खरीदी। बीरो भरे चाहे जीए। जो हो चुका है उसे छोड़कर, जो होनेवाला है उसीकी चिंता उन्हें खाए जा रही थी।

२७

बाबाजी के जेहलम चले जाने के पश्चात् बीरो के दिल को थोड़ा-सा संतोष हुआ कि आज घर में उसकी मानसिक या शारीरिक स्थिति को परखने-जांचने वाला कोई नहीं है। भीतर से बाहर और बाहर से भीतर। जैसे-जैसे समय व्यतीत होता गया उसकी मानसिक बेचैनी बढ़ती जा रही थी। उसे कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था कि वह

क्या करे, कैसे अपने निराश मन को धैर्य बंधाए।

'सराभा इस संसार से कूच करने वाला है। उसे मृत्युदंड मिल चुका है। वह फांसी पर लटकने ही वाला है। क्या मैं उसे, संसार छोड़ने के पूर्व, एक बार भी नहीं देख सकूंगी? क्या यह असम्भव है? यह तो तभी सम्भव हो सकता है, यदि पिताजी से आते ही उन्हें कहूं कि वे मुझे मामाजी के यहां छोड़ आएं। उन्हें भी लाभ होगा कि वे दौरे पर जितने दिन चाहें लगाएं। क्या वे स्वयं अनुभव नहीं करते होंगे कि मैं घर में अकेली हूं? कह दूंगी कि घर में अकेले रहने से मुझे भय लगता है। और भय के परिणामस्वरूप ही मुझे दौरे आने लगे हैं। अब तो माई भी चली गई है। ऐसी स्थिति में मुझे मामाजी के यहां भेजने में उन्हें और भी संतोष मिलेगा। तो बस, यही ढंग उचित रहेगा। मामा के पास चले जाने के पश्चात् लाहौर जाना मेरे लिए कठिन नहीं होगा—कोई न कोई बहाना बनाकर चली जाऊंगी।' इस निर्णय पर पहुंचकर उसके मन को कुछ सन्तोष हुआ।

बीरी को विश्वास था, जैसा कि बाबाजी जाते समय उसे कह गए थे, कि वे सन्ध्या समय लौट आएंगे, पर सन्ध्या छोड़ जब रात भी गुज़र गई तो उसका मन बढ़ना शुरू हो गया, और इस चिन्ता के कारण उसके सामने कई प्रकार के भयानक चित्र उभरते चले आए—डी॰ सी॰ ने उन्हें बुलाया है'''कहते थे कि ज़मीन'''इनाम'''पर डी॰ सी॰ के निमन्त्रण का क्या यही अर्थ हो सकता है? शायद भैया के विषय में'''और जो मैंने यह काम किया है, क्या उसे पिताजी का हृदय सहन कर सकेगा? एकदम सिर की चोट-सा?'''कहीं निराश होकर'''

दूसरा दिन भी गुज़र गया, फिर तीसरा भी। पर बाबाजी नहीं लौटे, न ही उनके लौटने के विषय में कोई पत्र-सन्देश ही प्राप्त हुआ। पहले भी प्रायः ऐसा होता रहता था। जब भी उन्हें दौरे से लौटने में निश्चित समय से अधिक लग जाता, तो वे पत्र अथवा सन्देश आदि भेज दिया करते थे। इस बार तो उनके लिए यह और भी आवश्यक था, क्योंकि वे बीरी को बीमारी की हालत में छोड़कर गए थे—जिसका उन्होंने वापस आकर भी उपचार करना था।

आज बीरी का मन बहुत उदास था। उसे

तक कुछ नहीं कर सकते जब तक कि हम जेल में से अपने साथियों स्वतन्त्र नहीं करवा लेते। इस समय हम एक नई योजना को कार्य-रूप देने में व्यस्त हैं, जिसके अनुसार शीघ्र ही पंजाब की जेलें तोड़ हम अपने भाइयों को छुड़ाने में सफल होने की आशा रखते हैं। जिस दिन से अब तक हमारा प्रमुख नेता करतारसिंह सराभा पकड़ा गया, तब तक हमारा खाना-पीना हराम है। यह तो तुम भी सुन चुकी होगी कि उसे और उसके कई दर्जन साथियों को मृत्यु-दण्ड और कालेपानी की सजा हो चुकी है। हमें सिवाय इसके और कुछ सूझता नहीं कि जितनी जल्दी हो सके, जेल के दरवाजे तोड़कर और फांसी की कोठरियां उखाड़कर अपने साथियों को मुक्ति दिलाएं।

"इस समय हम लगभग आधे दर्जन युवक 'गुप्तासिंह' लुधियाना वाले की अध्यक्षता में काम कर रहे हैं। हमारा काम किसी क्रांतिकारी कार्यवाही में सीधा भाग लेना नहीं, बल्कि काम करने वालों की हर प्रकार से सहायता करना है। चूंकि गुप्तासिंह पार्टी का विशिष्ट सदस्य है, अतः वह आन्तरिक कार्यों में भी भाग ले रहा है। डाके डालने में भी गुप्तासिंह ने खूब वीरता दिखाई। जिस वस्तु की कमी इस समय हमारे कार्य में रोक बनी हुई है, वह है अस्त्र-शस्त्र। जेलें तोड़ने के लिए हमारे सभी सहयोगियों का अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित होना आवश्यक है। इसी कार्य के लिए कुछ दिन पूर्व कुछ सरकारी रिक्रूटों पर हमला करने की योजना बनाई गई थी, पर दुर्भाग्य से हमारे इस प्रकार के कई प्रयत्न असफल रहे; हमारे कुछ सक्रिय साथी गिरफ्तार कर लिए गए और कुछेक मारे भी गए। पर इसका मतलब यह नहीं कि इन असफलताओं ने हमारा साहस तोड़ दिया, बल्कि हमने और भी तेजी से अपना दूसरा कार्य आरम्भ कर दिया। और यह काम था उन सरकारी पिट्ठुओं को मृत्यु के घाट उतारना, जो हमारे सहयोगियों को गिरफ्तार करवाने में पुलिस की सहायता करते रहे, अथवा जिन्होंने झूठी गवाहियां देकर और मुखबिरी करते हुए बहुत-से क्रांतिकारियों को फंसाया।

"बहुत लम्बे किस्से हैं बीबी, जो विस्तार से जबानी ही सुनाए जाने वाले हैं, पर न जाने जीवन में इसका अवसर मिल सकेगा या नहीं। क्योंकि आजकल सी० आई० डी० बहुत बुरी तरह हमारा पीछा

कर रही है, जबकि हमारी पार्टी ने अभी तक कोई महत्त्वपूर्ण कार्य नहीं किया, सिवाय इसके कि हम कार्यकर्ताओं में परस्पर तालमेल स्थापित रखने के लिए काम कर रहे हैं। माता गुलाबकौर भी हममें से एक हैं—हमारा ध्यान रखने वाली और पार्टी की आत्मा। क्योंकि ये बहुत पुरानी कार्यकर्ता हैं, इसलिए पार्टी के सभी छोटे-बड़े भेदों का इन्हें ज्ञान है।

"पत्र लम्बा करने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि माता गुलाबकौर की जबानी तुम्हें आवश्यक बातें मालूम हो सकती हैं। अतः एक-दो बातें लिखकर चिट्ठी समाप्त करता हूं।

"हमारी पार्टी को इस समय मर्दों से अधिक स्त्री कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है बीरो। इस समय लगभग सभी कार्यकर्ताओं का पीछा सी० आई० डी० कर रही है। इसलिए कई काम ऐसे भी आ पड़ते हैं जो केवल स्त्रियों द्वारा ही पूरे किए जा सकते हैं। पर इसे पार्टी का दुर्भाग्य ही कहिए कि माता गुलाबकौर के अतिरिक्त इस समय, पंजाबी क्रांतिकारियों में कोई भी अन्य स्त्री कार्यकर्ता नहीं है, जबकि बंगाली क्रांतिकारियों में तुम्हारी उम्र की दर्जनों लड़कियां काम कर रही हैं।

"अकेली माता गुलाबकौर ने अब तक जितने भी कार्य किए और कर रही हैं, शायद एक दर्जन आदमी भी उतना नहीं कर सकते। पर पार्टी को इस बात का अनुभव होता है कि ये बेचारी अनपढ़ हैं, जबकि पार्टी के कई काम ऐसे भी हुआ करते हैं जिनके निभाने के लिए शिक्षित होना आवश्यक है। बहुत समय से इस कमी को अनुभव करने के पश्चात् हम लोग इस निर्णय पर पहुंचे हैं कि माता गुलाबकौर को एक पढ़ी-लिखी और चुस्त-चालाक सहायिका मिलनी चाहिए। चारों ओर से घूमकर हमारी नजर अगर कहीं टिकती है तो बीरो, तुमपर। बल्कि सच तो यह है कि तुम्हारे बिना अन्य कोई नहीं, जिसे तुम्हारी तुलना में खड़ा किया जाए। विशेष-रूप से इस समय इसकी आवश्यकता और भी अधिक अनुभव की जा रही है, जबकि माता के न केवल वारण्ट जारी हो चुके हैं, बल्कि इनकी गिरफ्तारी के लिए इनाम भी घोषित किया गया है। इसलिए पहले की तरह इनका अब आम घूमना-फिरना खतरनाक समझा जाता है। चाहे अभी तक ये वेश-भूषा बदल-कर अपने कार्यों को निभाती चली आ रही हैं, पर आवश्यकता इस

बात की है कि पढ़ने-लिखने में इसको एक सहायिका है, जो आवश्यक कामों के लिए गुप्त स्थान पर बैठकर निर्देश देती रहे। मुझे विश्वास है कि तुमसे अच्छी सहायिका शायद इन्हें अन्य कोई मिल सकती।

"यह मैं जानता हूँ बीरी, कि सन्तान होने के नाते तुम्हें माँ-पिताजी की भी चिन्ता करनी चाहिए। यह भी समझता हूँ कि तुम घर से लापता हो जाओगी, तो पिताजी की क्या दशा होगी। पर बहन, देश के लिए यदि हमें माँ-बाप का बलिदान भी देना पड़े तो कोई पाप नहीं है। एक बार तुम गरामा से भी हट कर चुकी हो कि तुम घर से बाहर किसी हालत में भी नहीं आ सकतीं। अब तुम स्वयं विचार लो कि तुम्हारे लिए देश बड़ा है या माँ-बाप।

"सम्भव है कि मैं शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाऊँ; और गिरफ्तारी का मतलब होगा मृत्यु या कालेपानी की सजा। अतः यदि सचमुच तुम्हारे मन में क्रान्तिकारी भावना है—जिसका दावा तुम सदा किया करती हो—तो मैं तुम्हें चेतावनी देता हूँ कि दिल को चट्टान-सा बना लो। बीरी, बहन को भाई प्रिय होते हैं। पर तुम्हारे जैसा तुम्हारा स्नेह है, इसका उदाहरण शायद ही किसी बहन में मिले। परन्तु दूसरी ओर तुम्हें यह भी भूलना नहीं चाहिए कि माँ को सन्तान का प्रेम, बहन से भी कहीं बढ़कर होता है। और हम तीस करोड़ पुत्र-पुत्रियों की माँ आज विदेशी-अत्याचारियों की जंजीरों में जकड़ी है। अतः तुम स्वयं विचार कर लो कि तुम्हें एक भाई अधिक प्रिय है या तीस करोड़ सन्तानों की माँ के लिए बलि देने के लिए तैयार हो? बस, इतना ही।

तुम्हारा भैया—
सुदर्शन।"

इधर बीरी ने पत्र समाप्त किया, उधर गुलाबकौर ने उसके चेहरे से नजर हटाई। वह बीरी के चेहरे से बराबर कुछ पढ़ने की चेष्टा में लगी हुई थी।

गुलाबकौर को लेकर जब बीरी कमरे में गई तो पीछे आ रही गुलाबकौर ने इन शब्दों में अपने उद्‌गारों की अभिव्यक्ति की, "रघुबीर! मैंने समझा था कि तुम होगी कोई बड़े दिल वाली लड़की,

परन्तु तुम तो पहुंची हुई हो वहां पहुंचने के लिए मेरी बेटियों को तुम्हारी शिष्या बनना चाहिए।"

"आप क्या कह रही हैं माता जी?" लज्जित होती हुई वह बोली, "मैंने तो अभी आपके साथ बातचीत भी नहीं की है।"

"जबान और कान से ही तो सभी बातें कही-सुनी नहीं जातीं बेटी। मेरा हुआ अक्षर में पढ़ी-लिखी नहीं, पर सात समुद्र का पानी तो पीए हूं। जैसे तुमने पत्र में से अपने भैया का हाल-चाल पढ़ा है, वैसे ही मैंने तुम्हारे चेहरे से तुम्हारे मन का। सुना तो तुम्हारे सम्बन्ध में सुदर्शन से बहुत कुछ था, पर सोचती थी, शायद ऐसे ही लड़का अपनी बहन के गुणों के पुल बांध रहा होगा। पर..."

"छोड़िए इन बातों को माताजी।" बीरो ने उसे टोका, "फुर्सत पाकर बातें करेंगे। आप जरा लेट जाइए, थक गई होंगी, मैं तब तक आपके लिए दो रोटी सेंक लूं।"

"अच्छा बिटिया।" चारपाई पर लेटती हुई गुलाबकौर बोली, "बाहर से मेरी टोकरी और गठरी उठाकर सम्भालकर रख देना।"

"अच्छा, "कहकर बीरो बाहर जाने के लिए मुड़ी। गुलाबकौर ने उससे पूछा, "घर में कोई और व्यक्ति तो नहीं है।"

"नहीं माताजी।" वह बोली, "पिताजी बाहर गए हुए हैं।"

"तुम घर में अकेली हो?"

"अकेली क्यों, माताजी?" वह हंस पड़ी, "सरामाजी का दिया हुआ सहायक जो मेरे पास है।"

"मुझे मालूम है, सुदर्शन ने मुझे सब कुछ बतलाया था।"

बीरो को रसोईघर में पहुंचे पांच-सात मिनट ही हुए थे—उसने चूल्हे में केवल आग ही जलाई थी कि गुलाबकौर यह कहती हुई उसके निकट आ बैठी, "मैंने सोचा, बातें बहुत-सी करने वाली हैं, पर मेरे पास इतना समय है नहीं। क्यों न दोनों कार्य साथ-साथ हों। पेट-पूजा का भी और बातों का भी।"

"माताजी," बीरो बैठने को चौकी उसकी ओर सरकाती हुई बोली, "आप दो घड़ी विश्राम तो कर लेतीं।"

"विश्राम क्रांतिकारियों के भाग्य में कहां? विश्राम या तो मृत्यु के पश्चात् या स्वतन्त्र होकर ही किया जा सकेगा। हां, यह बताओ

कि भाईजी ने तुम्हारे लिए भी कभी सोचा कि नहीं ?"

"भाईजी के ?" बीरो के मन में विषाद छा गया था, "वे भाभाजी, केवल [illegible] हुए हैं।"

उत्तर में गुलाबकौर ने अपनी जानकारी के अनुसार बताया कि बीबी का पिता डाकखाने पुत्र को खोज में यहाँ वहाँ फिरता है। और फिर उसने बताया कि उसकी पुलिस पुलिस वालों को भी० आई० डी० वैसी तो नहीं फिर भी इसी तरह की एक [illegible] के [illegible] किये जाते हैं। कई इनाम [illegible] हुआ है कि पुत्र को गिरफ्तार करवाने के लिए एक डाकखाना यहाँ आया करता है।

'हाय, मैं मर गई !" बीरो का हाथ अपना काम करते हुए रुक गया, "आप यह क्या कह रही हैं भाभाजी ?"

उत्तर में और [illegible] गुलाबकौर ने बताया, पुत्र में से बीरो के लिए अविश्वास करने की कोई गुंजाइश देख नहीं पड़ रही थी। घबराहट में उसका गला सूखने लगा। उसकी स्थिति को ताड़ते हुए गुलाबकौर बोली, 'यह कोई घबराने की बात नहीं है बिटिया। सरकार-भक्त मां-बाप को सन्तान से भी बढ़कर सरकार की खुशि प्रिय होती है। अच्छा अब छोड़ो इन बातों को, और मेरी बातें ध्यान से सुन लो।"

बीरो चाहे बड़ी घबराहट में थी, पर बातें सुनने के लिए उसने प्रयासपूर्वक घबराहट को वश में कर लिया।

"अच्छा, मुझे यह बताओ कि वह काला कबूतर कहाँ है जो सराबा ने दिया था तुम्हें ?"

बीरो काले कबूतर का मतलब जानती थी। वह बोली, "संभाल-कर रखा हुआ है भाभाजी—क्यों ?"

"वह मुझे दे दो, और उसके बदले में तुम्हें मैं दूसरा देती हूं।" कहती हुई गुलाबकौर उठी। बाहर जाकर अपनी टोकरी को टटोल-कर उसमें से एक छोटे आकार का रिवाल्वर निकालती हुई वह बोली, "यह उससे भी बढ़कर कीमती है, जर्मनी का बना हुआ। लड़कियों के हाथ में बड़ी चीज़ अच्छी नहीं लगती, साथ ही दिख जाने का भी खतरा रहता है।"

"बीरो ने उसे पकड़कर, उलट-पुलटकर देखा। सचमुच पिस्तौल मनमोहक और छोटे आकार का था। बीरो के छोटे-छोटे हाथों में यह बड़ा सुन्दर लग रहा था। इससे पहले कि वह उत्तर में कुछ कहती, गुलाबकौर बोली, "जरा आने-जाने वालों का भी ध्यान रखना बेटी। क्या पता तुम्हारे पिताजी ही आ निकलें, या और कोई। जैसे ही किसी को आता देखना मुझसे चूड़ियों के भाव का झगड़ा आरम्भ कर देना। यह लो ये चूड़ियां हाथ में पहन लेना। हम लोगों को बड़ा सावधान रहना पड़ता है बिटिया।" और उसने अच्छी-सी चूड़ियां, जो वह टोकरी में से निकाल लाई थी, बीरो की बाहों में डाल दीं। फिर बोली, "जाकर बड़ा कबूतर निकाल लाओ, साथ ही उसके अण्डे भी। उसके बदले में मैं तुम्हें छोटे अंडे गठरी में से निकालकर ला देती हूं।"

ज्योंही बाहर आने के लिए गुलाबकौर उद्यत हुई, बीरो ने उसे बांह से पकड़कर यह कहते हुए बैठा दिया, "इसके लिए मुझे क्षमा करना माताजी, यह मुझसे नहीं हो सकता।"

"क्यों?" गुलाबकौर ने आश्चर्यचकित होकर पूछा।

"आप तो मां तुल्य हैं माताजी, आज पहली बार यह भेद जबान पर लाने लगी हूं कि…कि…" और बीरो की जबान मानो लड़खड़ाने लगी।

"बताओ बिटिया, क्या कहती हो?"

"माताजी, छोटा-मुंह बड़ी बात। पर जो बात किसीके बूते से बाहर हो उसका कोई क्या करे! यह कबूतर आपके लिए तो पार्टी के काम आने वाला होगा, पर मेरे दिल से कोई पूछकर देखे। मैंने उसे किसीके प्यार की निशानी समझकर रखा हुआ है, माताजी। जीते-जी मैं उससे विलग नहीं हो सकती, चाहे आपको यह बुरा लगे।"

"प्यार की निशानी?" गुलाबकौर ने उसकी ओर ऐसे ताका मानो बीरो बेहोशी में बोल रही हो।

"हां माताजी—प्यार की।" बीरो के चेहरे पर कुमारी-सुलभ लालिमा विद्यमान थी।

"पर वह तो तुम्हें … …"

"उन्हींने दिया था।"

करता होगा ?"

बीरी ने उत्तर में कुछ नहीं कहा। उसकी खामोशी में ही प्रश्नों का उत्तर पढ़ती हुई गुलाबकौर बोली, "पगली लड़की, मनसूर सूली पर चढ़कर गाने-झूमने लगा था, तो क्या इस तरह कि उसके ऐसा करने से मृत्यु से उसका बचाव हो जाएगा ? क्रांति योजना जिस सीमा पर पहुंच चुकी है, वहां आशा तो आटे में नमक जितनी ही रह गई है, और चाहे इतनी भी न हो। पर क्या तुम समझती हो कि क्रांतिकारी बहोली को निराश होकर अपना मार्ग बदल लेता है ?"

"बस माताजी," बीरी ने उसके पांव छूते हुए कहा, "समझ गई। अब और कुछ पूछना मेरे लिए शेष नहीं रहा।"

पर बीरी के कहने पर भी वह रुकी नहीं, "इस समय हमारे सम्मुख क्रांति लाने से भी बड़ा निशाना है जाति के शत्रुओं से जूझना। मेरा मतलब है अंग्रेजों के कुत्तों का बीज नष्ट करना। पहली बात की तो अब अधिक आशा नहीं, क्योंकि जेलें तोड़ने के लिए जितनी शक्ति एवं जितने साधनों की आवश्यकता थी, वह हम जुटा नहीं सके। बाकी लेकर इस समय हमारा काम बस यही है।"

"आपका मतलब देशद्रोहियों को कत्ल करने से है ?"

"हां, जेल से सराभा की और दूसरे नेताओं की भी यही चेतावनी बार-बार आ रही है कि किसी दूसरी ओर ध्यान देकर समय मत नष्ट करो। पकड़े जाने या मारे जाने से पूर्व जहां तक भी हो सके, देशद्रोहियों की जड़ें उखाड़ फेंकने की चेष्टा करो।"

खाना तैयार होने से लेकर खाए जाने तक, और खाने के पश्चात् गुलाबकौर के लौटने तक बातों का क्रम चलता रहा।

बीरी से विदा लेकर जब गुलाबकौर, सीढ़ियों की हवेली से बाहर निकली तो उसके सिर पर वही टोकरी, और वही गठरी बगल में थी। और 'चूड़ियां-गजरे ले लो लड़कियो' आवाजें लगाती हुई वह रेलवे स्टेशन की ओर चली जा रही थी।

२८

ज्योंही लाहौर पहुंचकर बाबाजी ने अपने चचेरे भाई से सुदर्शन के

ाचार सुने कि उनकी बची-खुची चेतना भी जवाब देने लगी। उन्हें स्तारपूर्वक बताया गया कि सुदर्शन तो उनके मकान पर केवल एक हीना ठहरा था। उसके पश्चात् वह इतना ही कहकर चला गया कि ाऊजी, दयालसिंह कालेज के होस्टल में, जहां मैं पढ़ता हूं, मेरा रहने ौर खाने का प्रबन्ध हो गया है। पिताजी की ओर से मेरी डाक आपके े पते पर आएगी।' इस कार्य के लिए वह अपने कमरे के आगे ्क छोटा-सा लेटरबाक्स लगाकर और उसे ताला लगाकर चला गया था।

बाबाजी को यह भी बताया गया कि उसके पश्चात् कुल दो या तीन बार सुदर्शन उन्हें मिलने के लिए आया था। एक बार उसने बताया कि 'बागियों के शोर के कारण बोर्डिंग के लड़कों को बाहर निकलने की मनाही कर दी गई है, इसलिए शायद मुझे आपके पास आने का अवसर न मिल सके। मेरी डाक हमारे कालेज के चौकीदार की पत्नी आकर ले जाया करेगी।' कभी-कभी एक ऊंची, लम्बी प्रौढ़ावस्था की पंजाबी स्त्री आकर लेटरबाक्स खोलकर पत्रादि ले जाती है।

भाई के घर में से निकलकर बाबाजी उलटे पांव दयालसिंह कालेज जा पहुंचे। परन्तु वहां से उन्हें उससे भी बढ़कर निराशाजनक उत्तर मिला। प्रिंसिपल ने उन्हें बताया कि इस नाम का कोई भी लड़का फर्स्ट ईयर में नहीं है।

हाथ मलते हुए और भीतर ही भीतर तिलमिलाते हुए वे कालेज के अहाते से बाहर निकले। अब क्या किया जाए, उन्होंने सोच-विचार के कई घोड़े दौड़ाए, परन्तु कुछ समझ में नहीं आ सका। अन्त में लुधियाना जाना उचित समझा, क्योंकि खान साहब ने उन्हें बताया था कि सुदर्शन लाहौर में नहीं, बल्कि लुधियाना में है। लड़के के सम्बन्ध में जितना कुछ डिप्टी कमिश्नर ने उन्हें बताया था, यदि पहले नहीं तो अब उन्हें सत्य नजर आने लगा। उन्हें दुःख था कि सुदर्शन उनके हाथों से सदा के लिए निकल गया है, और इससे भी बढ़कर वे उसकी मक्कारी पर झुंझला रहे थे। वे सोचते, 'सचमुच डी० सी० के अनुसार इस लड़के ने मुझे उल्लू बनाया है।' और साथ ही वे स्वयं पर भी दांत पीस रहे थे, 'मेरी अच्छी-भली बुद्धि पर पर्दा क्यों पड़

गया ?

उन्होंने एक और अनुमान लगाया, 'यदि सचमुच ही वह गाड़ी में मिल गया है तो वह अवश्य ही आजकल लाहौर में होगा, क्योंकि इन्हीं दिनों में प्रमुख बाग़ियों को सजाएं सुनाई गई हैं। शायद वह आता-जाता दिखाई दे जाए, या पकड़ा ही गया हो।'

उन्होंने शहर के चक्कर काटने शुरू कर दिए—कभी सेंट्रल जेल के दरवाज़े के सामने, कभी अदालतों में, कभी वकीलों के घर में कभी कहीं। और उन्होंने इतना पता लगा लिया कि बाग़ियों का मुकद्दमा कौन-सा वकील लड़ रहा है। संयोग से उनके पास रईसी चोगा तो था ही, जिसे पहनकर वे रावी रोड पर पहुंच गए, जहां लाला रघुनाथ सहाय की कोठी थी।

चोगे ने उनकी सहायता की—वकील साहब आदर से मिले, पर वकील से उन्हें सुदर्शनसिंह नाम के किसी अभियुक्त के विषय में कुछ पता नहीं मिल सका। दो-तीन दिन तक वे इसी आशा से लाहौर के होटलों, थियेटरों, बागों तथा बाज़ारों के चक्कर काटते रहे, पर व्यर्थ। अन्त में उन्होंने लुधियाना जाने का निश्चय किया। वहां जाने का कोई लाभ होगा, इसकी उन्हें चाहे आशा नहीं थी, पर 'डूबते को तिनके का सहारा'। उन्होंने अपना इरादा बदला नहीं।

लुधियाना पहुंचकर उन्हें ख्याल आया कि यहां आकर उन्होंने तो मूर्खता की है, जबकि सुदर्शन के किसी ठिकाने या उसके किसी परिचित को भी वे जानते नहीं थे। आखिर उनकी खोज करें तो कैसे? उसका पता-ठिकाना पूछें तो किससे?

दो दिन तक वे लुधियाना की सड़कें नापते रहे। पर सुदर्शन की खोज उनके लिए पड़ गए पत्तों की खोज सिद्ध हुई। उनका दिल बहुत खीझ उठा। यहां तक सोचने लगे, 'अब जीने से क्या लाभ? लड़का गया, इज्जत गई, और साथ ही भविष्य भी गया।' कहां तो वे बड़ी जागीर मिलने की आशा लगाकर बैठे थे, और कहां यह स्थिति कि भविष्य में रोटी का टुकड़ा भी मिलने की आशा नहीं दिखाई दे रही थी।

तीसरे दिन वे फिर लाहौर को गाड़ी में बैठे, और केवल इस क्षीण आशा से कि उस स्त्री, चौकीदार की पत्नी, से कुछ पता मिल सके।

जब वे लाहौर पहुंचे तो उनकी यह आशा भी लगभग टूट गई। उन्हें ख्याल आया, 'मैं कितना मूर्ख हूं ? मैं कहीं पागल तो नहीं हो गया ? वह स्त्री भी अवश्य ही बागियों की कोई सहयोगिनी होगी।' परन्तु इस बात का विश्वास होने पर भी वे टांगा पकड़कर दयालसिंह कालेज जा पहुंचे। वहां पहुंचने पर उन्हें ज्ञात हुआ कि कालेज का चौकीदार तो एक गोरखा है, जबकि दाराओ के भाई ने उन्हें बताया था कि वह स्त्री पंजाबिन थी।

सप्ताह-भर जगह-जगह की खाक छानने पर भी जब लड़के के सम्बन्ध में उन्हें कोई भनक न मिली, तो अन्त में उन्होंने लौट जाने का निश्चय किया। बीरो की चिंता अलग उनके प्राण सुखा रही थी—'न जाने लड़की पर पीछे क्या गुजरी होगी ! घर में एकदम अकेली। आते समय मैंने इतना भी नहीं किया कि किसी पड़ोसी को ही कहकर आता। यदि उसे फिर दौरा पड़ गया हो...यदि दौरे की स्थिति में कुछ कर बैठी हो, छत पर से छलांग ही लगा दी हो...घर को जलाकर स्वयं भीतर ही जल मरी हो......'

संतान कितनी भी नालायक क्यों न हो, मां-बाप की आत्मा तो उससे दूर नहीं सकती। बीरो ने कागज-पत्र जलाकर चाहे पिता की नजरों में अक्षम्य अपराध किया था, पर बाबाजी को विश्वास था कि उसने यह कार्य चेतनावस्था में नहीं किया; अत. लड़की की चिंता उन्हें बराबर सता रही थी। और इससे भी बढ़कर जो भय उनके कलेजे को काट रहा था, वह था खान साहब की 'सप्ताह-भर वाली चेतावनी, जबकि सप्ताह गुजरने पर भी वे असफलता की स्थिति में लौट रहे थे। अब वे किस मुंह को लेकर खां साहब के सामने जाएंगे ? और यदि नहीं जाएंगे तो इसका परिणाम ? सिर से लेकर पांव तक उनका शरीर कांप उठता जब उनका ध्यान परिणाम की ओर जाता।

विचारों के इन्हीं घेरों में चक्कर खाते हुए हिरणपुर का टिकट लेकर वे गाड़ी में बैठे। 'इस तरह कुत्ते की मौत मरने की अपेक्षा तो आत्महत्या कहीं अच्छी है।' यात्रा करते समय बारम्बार यही विचार उनको कचोट रहा था, 'सारी उम्र की कमाई यों ही व्यर्थ चली जाएगी... पूर्वजों का नाम मिट्टी में मिल जाएगा...ब्लैक लिस्ट में नाम आ जाएगा। और यह भी कोई बड़ी बात नहीं कि हथकड़ियां लगाकर जेल में भी

पहुंचा दिया जाए। बस [illegible] ही उनके [illegible]!

फिर बाद में उन्होंने हिरनपुर की अर्जी दी, जोरों से पु-
कारने के लिए उनका सब बड़ा केंद्र था, क्योंकि वे पूरे [illegible]
दशा में छोड़कर उनसे किसी के पश्चात् लौट रहे थे—सिर्फ़ [illegible]
का समय तय नहीं किया था, पर ज्योंही गाड़ी देहरादून के
स्टेशन तराह 'दीनापसार' रुकी, हिरनपुर की ओर जाने [illegible]
के विचार से उन्होंने अपना इरादा बदल दिया।

सप्ताह-भर की यात्रा के कारण उनके कपड़े मैले और [illegible]
सिकुड़ी हुई थी। बाहर उतरकर स्नानादि करने का उन्हें ध्यान न
रहा था। इस विचारी स्थिति में किले के उनके बड़े अफसर [illegible]
करना उन्हें अपना अपमान लग रहा था। पर उन्होंने सोचा—किसका
स्वागत, किसका अपमान, जबकि सब कुछ समाप्त हो गया!

गाड़ी देहरादून के स्टेशन पर रुकी। बाबाजी वैसे ही किंकर्तव्य-
विमूढ़ होकर बैठे रहे। कभी सोचते—उतर जाऊं; कभी सोचते—नहीं
नहीं। अन्त में जब गाड़ी ने सिग्नल दी तो वे तीव्रता से उठे, सामान
उठाया और प्लेटफार्म पर उतर गए।

२९

खान साहब ने पहली दृष्टि में ही बाबाजी की स्थिति को भांप लिया। आज से एक सप्ताह पहले वाले और आज वाले इन बाबाजी में उसे सौ कोस का अन्तर दिखाई दे रहा था। उनके व्यवहार में पहले से भी अधिक कठोरता आ गई। पर आज बाबाजी को यह कठोरता उस दिन की तरह अखरी नहीं। आज वे स्वयं ही अपने-आप को 'छोटे शाहजादे' की बजाय एक घृणित-सा दोषी अनुभव कर रहे थे। जब उन्होंने अपनी असफलता की कहानी सुनानी आरम्भ की तो बोलते-बोलते उनकी आँखें भर-भर आतीं, जिनमें दया की याचना थी, और अपने निर्दोष होने का प्रदर्शन था। परन्तु खान साहब पर इसका प्रभाव बाबाजी की आशा के विपरीत ही हुआ। कानून को अलचीली वस्तु कहा जाता है, पर जब कोई दोषी किसी अफसर के सम्मुख आ खड़ा हो, तो कानून के रक्षक अलचीले से भी बढ़कर कर्कश हो जाते हैं।

"हूं।" सब कुछ सुन चुकने के पश्चात् खान साहब ने उसी भेड़ि-यों वाले स्वर में कहा, "गोया आप अपराधी को हाजिर करने के बजाय इस समय उसके विरुद्ध गवाही पेश कर रहे हैं, कि सचमुच ही लड़का बाग़ी है। पर मुझे तो इन सब बातों का पहले से ही इल्म है।"

"हुजूर !" बाबाजी गिड़गिड़ाए, "यदि मेरे वश में होता तो मैं उस नीच को पकड़कर ही नहीं, बल्कि घसीटकर आपके कदमों में ला पटकता; पर क्या करूं मेरी कोई......" और बाबाजी की आवाज भर्रा गई।

खान साहब के ढंग में अधिक नहीं तो राई जितना अन्तर अवश्य ही आ गया, "आपने अपनी ओर से पूरी कोशिश की होगी यह तो ठीक है, पर इसका क्या परिणाम होगा, शायद अभी तक आप इससे परि-चित नहीं हैं। आपके जाने के तीसरे ही दिन मुझे सी० आई० डी० की ओर से एक और रिपोर्ट मिली है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि लाहौर जाने से पहले भी, यानी घर में रहते समय भी उसके बाग़ियों से सम्बन्ध थे। जिसका मतलब साफ है कि या तो आप सब कुछ जानते हुए भी उसकी हरकतों को नजरअंदाज करते रहे हैं या मुझसे छिपा रहे हैं। इसका मतलब है कि आपने एक बाग़ी को शरण दी, आपने उसकी सहायता की, आपने उसपर पर्दा डाला। इन अपराधों के बदले में आपपर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। मुश्किल बात तो यह है कि ये सभी जुर्म जमानत के काबिल नहीं, जिनके सिद्ध होने पर सम्भव है कि आपको तीन से पांच साल तक की कैद और जायदाद जब्त होने की सजा मिले। आप समझदार हैं, इसके हानि-लाभ का विचार कर लें। मैं मानता हूं और सरकार को भी इस बात का एहसास है कि आपने सरकार की मदद करने में बढ़-चढ़कर भाग लिया जिससे खुश होकर हिज आनर ने आपको बहुत बड़ी जागीर देने की सिफारिश की है। पर आपकी बदकिस्मती कि लड़के ने आपकी सारी साख नष्ट कर दी।"

बाबाजी ने अर्द्ध-चेतनावस्था में ये वाक्य सुने। जब खान साहब कह चुके तो वे उखड़े हुए पेड़ की तरह यह कहते हुए खान साहब के कदमों पर गिर पड़े, "बेशक मैं कसूरवार हूं, हुजूर, कि आज तक मैं

गिरफ़्तार करवा देना। पर सवाल से ठीक नहीं है। ...
बार मेरे पीछे पड़ा है। ईश्वर के लिए माफ़ करें सरकार, मुझे ...
अब मैं क्या करूं ? मेरे खानदान का कोई भी सदस्य हुआ है जो मेरे
मेरे लिए अच्छा होगा मैं जानूं, नहीं तो मैं कहता हूं ...
मेरे दुश्मनों का साथ कुछ मैं लिए जानता...मेरी...बेटी—"
कहते-कहते बाबाजी फूट-फूटकर रो पड़े।

खान साहब बड़े विचारों में डूबे हुए थे। कुछ देर बाद काँपनेवाले लड़के से बाबाजी की ओर देखते हुए बोले, "मामला पेचीदा बन चुका है कि कुछ भी समझ में नहीं आता कि किस ढंग से आपका बचाव किया जाए। अलबत्ता एक उपाय मेरे दिमाग़ आता है जिससे आपके बचाव की आशा की जा सकती है।"

"बताइए!" बाबाजी ने रूंधी-सी आवाज़ में कहा, "आप आज्ञा सिर के बल होकर मानूंगा हुज़ूर।"

खान साहब थोड़ी देर चुप रहे, मानो मुंह से बात निकालते हुए उसे तौल रहे हों। बोले, "कर सकोगे?"

"कह चुका हूं कि सिर के बल होकर करूंगा, मारे मैं किस्मत!"

"यह तो मैं जानता हूं कि आपका मेल-मिलाप काफ़ी है।"

"हुज़ूर के कदमों की मेहरबानी से जेहलम से लेकर पेशावर तक हमारे यजमानों का फैलाव है, बल्कि काबुल तक।"

"तब तो मुझे यकीन है कि आप कुछ न कुछ कर गुज़रेंगे। अच्छा, यह बताइए कि बाग़ियों के बारे में कितनी जानकारी रखते हैं आप?"

'बाग़ियों' शब्द ने बाबाजी को एक बार फिर झकझोर दिया। उनके भय की मात्रा और बढ़ गई। बोले, "गुज़ारिश कर चुका हूं हुज़ूर, कि मैंने कभी भूलकर भी आज तक किसी बाग़ी की सूरत नहीं देखी।"

"डरो नहीं," खान साहब मुस्कराए, "मेरा मतलब कुछ और है। यानी अगर आप हिम्मत करके अपने ज़िले के किसी बाग़ी को गिरफ़्तार करवा सकें तो आपके बचाव की उम्मीद की जा सकती है। इस समय पंजाब सरकार के लिए यह एक बड़ी अहम बात है। क्योंकि

